


दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 30 डिग्री

# मोदी सरकार घर-घर पहुंचाएगी सिंदूर: 9 जून से एक महीने तक चलेगा अभियान

नई दिल्ली (ए.)

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को मोदी सरकार घर-घर तक पहुंचाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत महिलाओं को उपहार के रूप में सिंदूर दिया जाएगा। भाजपा के सीनियर लीडर ने बताया कि 9 जून से इसकी शुरुआत होगी। इसी दिन नरेंद्र मोदी ने बतौर पीएम तीसरी बार शपथ ली थी यानी मोदी 3.0 की शुरुआत हुई थी।

अभियान का मूल मकसद मोदी 3.0 सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। इसके लिए जनसंपर्क के दौरान महिलाओं को सिंदूर भी भेंट किया जाएगा। साथ ही, ऑपरेशन सिंदूर को हाईलाइट करने वाले पंफलेट भी बांटे जाएंगे। केंद्र के सभी मंत्री, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (ह्रछ्व) के सांसद और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी इस अभियान में शामिल होंगे। एक महीने तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सभी

## सांसद रोज 15-20 km की पदयात्रा करेंगे



लोकसभा सांसदों अपने क्षेत्र में रोजाना 15-20 किमी तक पैदल यात्रा करनी है और मंत्री हफ्ते में दो दिन 20-25 किमी यात्रा कर जनसंपर्क करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर में शामिल विभागों पर शॉर्ट फिल्म बनेगी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिस भी विभाग ने अपना योगदान किसी भी रूप में दिया, उसकी डॉक्यूमेंट्री बनेगी। उस विभाग में कार्यरत लोगों और उनके परिजनों को दिखाई जाएगी। ताकि उन्हें गौरव हो और वे भविष्य में ज्यादा बेहतर तरीके से योगदान देने के लिए प्रेरित हो सकें। जन संपर्क अभियान- हर विधानसभा क्षेत्र में 29 मई तक चलेगा। बूथ स्तर पर (1+4) और (1+2) के फॉर्मूले पर कार्यकर्ता भाग लेंगे। प्रेस वार्ता- 2 जून से 5 जून के बीच जिला स्तर पर प्रेस वार्ताएं होंगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 7 या 8 जून को दिल्ली में प्रेस वार्ता की जाएगी। प्रोफेशनल्स मीट- हर जिले में पेशेवरों की बैठक होगी, जहां तीन प्रमुख नीतिगत विषयों पर चर्चा होगी (केवल पेशेवर ही बुलाए जाएंगे)। विकसित भारत संकल्प सभा- हर मंडल पर विकसित भारत संकल्प सभा होगी, जिसमें नागरिकों से विकसित भारत हेतु संकल्प लेंगे। पंचायत चौपाल- शहरों की मोहल्ला और गांवों की पंचायत चौपाल से सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना शिविर- हर विधानसभा क्षेत्र में पंजीकरण शिविर लगेंगे। हर जिले में 100 लाभार्थियों की सहभागिता जरूरी। डिजिटल प्रतियोगिता- वीडियो व ग्राफिक्स से संबंधित डिजिटल प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। प्रदर्शनी का आयोजन- सभी जिलों और जिला केंद्रों पर सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी। योग दिवस- 15 जून से 20 जून तक योग प्रशिक्षण शिविर चलेंगे। 21 को कार्यक्रम होंगे। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने 7 मई की आंधी रात 1-05 बजे पाकिस्तान और क्क्रशय में एयर स्ट्राइक की। इसमें 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। हमले में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद चीफ मौलाना मसूद अजहर की फैमिली के 10 सदस्य और 4 सहयोगी मारे गए। भारत ने 24 मिसाइलें दागीं। इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखा गया। ये कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई। इसमें 25 टूरिस्ट और एक स्थानीय कश्मीरी नागरिक की हत्या की गई थी।

# अकाली दल के नेता सुखदेव सिंह ढींडसा का निधन: लंबे समय से बीमार थे

## किसान आंदोलन के समर्थन में पद्म भूषण अवॉर्ड लौटाया था

चंडीगढ़ (ए.)




पंजाब में शिरोमणि अकाली दल के सीनियर नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींडसा का 89 साल की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बुधवार को शाम 5 बजे उन्होंने मोहाली के अस्पताल में अंतिम सांस ली। ढींडसा की बेटी विदेश में है। वह कल भारत पहुंचेगी। ऐसे में 30 मई को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। 2019 में केंद्र सरकार ने ढींडसा को पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया था, लेकिन उन्होंने दिसंबर 2020 में किसान आंदोलन के समर्थन में अवॉर्ड लौटा दिया था। वे वर्ष 2000 से 2004 तक केंद्र की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री रहे। ढींडसा पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल के साथी रहे हैं। उनके बेटे परमिंदर सिंह ढींडसा भी पंजाब सरकार में वित्त मंत्री रह चुके हैं। पिछले साल ढींडसा को श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ने धार्मिक सजा सुनाई थी। उन्होंने गोल्डन टेंपल में व्हीलचेयर पर बैठकर गेट पर पहरेदारी की थी। ढींडसा के निधन पर ष्टरूभगवंत मान समेत अन्य नेताओं ने दुख जताया। संगरूर जिले के उभवाल गांव में जन्म सुखदेव सिंह ढींडसा का जन्म 9 अप्रैल 1936 को पंजाब के संगरूर जिले के उभवाल गांव में हुआ था। उन्होंने स्नातक की पढ़ाई गवर्नमेंट रणबीर कॉलेज संगरूर से की थी। 4 बार विधायक बने, मंत्री भी रहे- पंजाब में ढींडसा ने 1972, 1977, 1980 और 1985 में विधानसभा चुनाव जीते। वह परिवहन, खेल, पर्यटन, सांस्कृतिक मामलों और नागरिक उड्डयन जैसे विभागों के मंत्री रहे। इसके साथ वह 1998 से 2004 और 2010 से 2022 तक राज्यसभा के सदस्य रहे।

# मुंबई में तेज बारिश, राजस्थान में गर्मी-बारिश और धूलभरी आंधी: छत्तीसगढ़ में 12 दिन पहले मानसून की एंट्री

**नई दिल्ली/रायपुर/भोपाल (ए.)।** देश के 17 राज्यों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। बुधवार को मानसून समय से 12 दिन पहले छत्तीसगढ़ और 13 दिन पहले ओडिशा पहुंचा। दोनों राज्यों के कुछ जिलों में तेज बारिश हुई। महाराष्ट्र के मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ में आज भारी बारिश हो रही है। यहां बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। बदलापुर, उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली और ठाणे के अलग-अलग इलाकों में जलभराव हो गया है। राजस्थान में मौसम का तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। बूंदी जिले में तेज गर्मी पड़ रही है। यहां के गांव में वृद्ध महिला की मौत हुई। जांच में हीटवेव से मौत की बात सामने आई। उदयपुर, चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा में बारिश जारी है। जैसलमेर में सुबह से रेत का गुबार (धूलभरी आंधी) है। मध्यप्रदेश के 15 से ज्यादा जिलों में मंगलवार को बारिश हुई। आज भी भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत 40 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश की चेतावनी है। कुछ जिलों में आंधी की रफ्तार 50 kmph तक हो सकती है। बिहार के 12 जिलों में आज बारिश का यलो अलर्ट है। देश में इस मानसून सीजन औसत 106त्न बारिश की संभावना इस बार मानसून सीजन (जून से सितंबर) में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग (IMD) ने बताया कि 106त्न तक बारिश हो सकती है। पिछले महीने इसे 105त्न बताया गया था। जून महीने में भी बारिश सामान्य से ज्यादा होगी। ढ्ढरूष्ठ ने 27 मई को बताया था, देश में जून के महीने में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है, जो 108त्न हो सकती है। यानी इस दौरान 87 cm से ज्यादा बारिश का अनुमान है। इसे लॉन्ग पीरियड एवरेज यानी रुक्क कहा जाता है।



# विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से खरीफ फसलों एवं नवाचारों की जानकारी देने गांव-गांव जायेंगी टीमें

## श्योपुर, विजयपुर, कराहल के लिए टीमें गठित

**श्योपुर, ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अधिकारी श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में केन्द्रीय एवं मध्यप्रदेश सरकार की प्रमुख कृषि योजनाओं, कृषि वैज्ञानिको द्वारा खोजी गई नवीन तकनीकियों, उन्नत फसलों से किसानों को जानकारी प्रदान करने के लिए 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत खरीफ मौसम में उत्पादित होने वाली विभिन्न फसलो की नवीन एवं उन्नत किस्मों, तकनीकियों से किसानों को अवगत कराया जायेंगा। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा विकासखण्डवार टीमों का गठन किया गया है, यह टीमें गांव-गांव जाकर किसानों को जानकारी प्रदान करेंगी।

इन टीमों में उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, कृषि अभियांत्रिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र बडौदा आदि विभागों सहित प्रगतिशील किसानों तथा किसानों के लिए काम कर रहे फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाईजेशन (एफपीओ) को शामिल किया जायें। यह टीमें किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा नीतियों के बारे में किसानों को जागरूक करने का कार्य करेंगी तथा अभियान के तहत किसानो को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में मिट्टी की उपयोगिता के आधार पर सुझाई गई फसलो के चयन तथा संतुलित खाद के उपयोग के लिए प्रशिक्षित करते हुए प्राकृतिक खेती और फसल विविधिकरण को बढावा देंगी।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा उक्त अभियान के संचालन के लिए सहायक संचालक कृषि श्री पान सिंह करोरिया को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

श्योपुर विकासखण्ड के लिए गठित टीम में कृषि वैज्ञानिक डॉ यूसी शर्मा, डॉ सीबीएस जाटव, डॉ लाखन सिंह गुर्जर, पशु पालन विभाग से डॉ योगेश, डॉ सचिन, डॉ महेश, डॉ केके शर्मा, प्रभारी एसएडीओ श्री शरद रघुवंशी, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी श्री रामरेश मीणा, मत्स्य निरीक्षक श्रीमती वंदना गोयल, एफपीओ प्रतिनिधि श्री सोनू शर्मा, प्रगतिशील कृषक श्री भरत जाट को शामिल किया गया है।

विकासखण्ड कराहल की टीम में कृषि वैज्ञानिक डॉ यूसी शर्मा, डॉ सीबीएस जाटव, डॉ लाखन सिंह गुर्जर, पशु पालन विभाग से डॉ मंयक सोनी, डॉ वैशाली, डॉ शिवकुमार जालौन, डॉ नरेन्द्र कुमार मधुरिया, प्रभारी एसएडीओ श्री एमके दनेरिया, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी श्री कमलेश माली, मत्स्य निरीक्षक श्री कमल प्रताप, एफपीओ प्रतिनिधि श्री अमित सिंह को शामिल किया गया है।

विकासखण्ड विजयपुर की टीम में कृषि वैज्ञानिक डॉ यूसी शर्मा, डॉ सीबीएस जाटव, डॉ लाखन सिंह गुर्जर, पशु पालन विभाग से डॉ जीएस गहलोद, डॉ जीएस नरोरिया, डॉ जितेन्द्र कुमार, एसएडीओ श्री विष्णु राठौर, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी श्री वीपी शर्मा एवं श्री रामअवतार गुप्ता, मत्स्य निरीक्षक श्री डीके चदेरिया, प्रगतिशील कृषक श्री मनोज शर्मा, श्री सरवन जाटव, श्री रघुनाथ कुशवाह को शामिल किया गया है।

अभियान के शुभारंभ 29 मई को, इन ग्रामों में पहुंचेगी टीमें

विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ आज 29 मई को प्रातः 9 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से होगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जारी आदेश के अनुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान के शुभारंभ पर 29 मई को विकासखण्ड स्तरीय टीमों द्वारा अपने-अपने विकासखण्ड क्षेत्र के तीन-तीन ग्रामों में भ्रमण कर किसानों को खेती-किसानी के संबंध में जानकारी प्रदान की जायेगी। श्योपुर विकासखण्ड की टीम द्वारा ग्राम रायपुरा, बर्धाबुजुर्ग एवं शंकरपुर में भ्रमण कर जानकारी प्रदान की जायेगी। विकासखण्ड कराहल की टीम 29 मई को सलापुरा, कलारना एवं ढेगदा का भ्रमण करेंगी। इसी प्रकार विजयपुर विकासखण्ड की टीम मैदावली, छापर एवं आरोदा में किसानों को खेती की नवीन तकनीकी तथा उन्नत फसलों के संबंध में अवगत करायेगी।

29 मई से 12 जून तक आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत विकासखण्ड वार भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, विकासखण्ड स्तर पर गठित टीमों द्वारा प्रत्येक दिन ग्रामों का भ्रमण किया जायेगा।

# नवांकुर संस्था ने लगाये पक्षियों के लिए सकोरे




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गर्मीयों के मौसम में पक्षियों को पानी की व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सकोरा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती नीतू सिंह के निर्देशन में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति निमोदमठ द्वारा कराहल विकासखंड के आवदा सेक्टर के ग्रामों में नौतपा की भीषण गर्मी में पक्षियों के जीवन संरक्षण के लिए पानी के सकोरे स्थान -स्थान पर लगाए जा रहे हैं। नवांकुर संस्था निमोदा मठ व श्री सतगुरु शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति द्वारा ग्राम पंचायत गोरस पक्षियों के लिए वृक्षो पर सकोरे लगाये गये तथा इन्हें नियमित रूप से पानी से भरने की जिम्मेदारी संस्था से जुडे सदस्यों को दिया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रमुख श्री कल्याण सिंह मारू आदि उपस्थित थे।

# सफलता की कहानी

## साधारण गृहणी से बैंक मित्र, प्रगतिशील कृषक और उद्यमी तक का सफर, समूहो से जुडकर आत्मनिर्भर बन रही जनजातीय महिलाएं



**श्योपुर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूहों से जुडकर महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है, बल्कि सामाजिक रूप से भी आत्मनिर्भर होकर अन्य महिलाओं को आगे बढने का हौसला दे रही है। आदिवासी विकासखण्ड कराहल में जनजातीय महिलाओं के जीवन में इन समूहों से जुडने के बाद आर्थिक बदलाव आया है और अब यह महिलाएं परिवार की मुख्य धुरी बन गई है। अपने व्यवसाय को संभालने के साथ ही परिवार की जिम्मेदारियां भी बखूबी निभा रही है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयास फलीभूत होते नजर आ रहे है। आज हम बात कर रहे है आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम करियादेह की जनजातीय पटेलिया समुदाय की महिला श्रीमती भूरी पटेलिया की, जिन्होंने अपने जूनून और शासन की मदद से अपने आप को परिवार और समाज के बीच न केवल स्थापित किया है, बल्कि दूसरो के लिए मिसाल बन गई है। जनजातीय परिवार की भूरी पटेलिया एक साधारण गृहणी थी और गांव में रहते हुए अपनी आंकाक्षाओं एवं सपनो को दबाकर जीवन व्यतीत कर रही थी। स्नातक तक पढी भूरी पटेलिया के मन में यह टीस थी कि वह अपनी पढाई का सदउपयोग करते हुए परिवार और गांव के लिए कुछ करें, लेकिन वंनाचल में बसे गांव में सपने साकार करने जैसी कोई उम्मीद दिखाई नही पड रही थी। मध्यप्रदेश की जनकल्याणकारी सरकार की योजना के तहत श्रीमती भूरी पटेलिया मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित समूहों के सदस्यों के संपर्क में आई और वर्ष 2020 में वैष्णो देवी स्वसहायता समूह से जुडकर अपने पति श्री मोहन सिंह पटेलिया के सहयोग से मछली पालन का व्यवसाय की शुरूआत की। शासन की आर्थिक सहायता से मछली पालन के साथ ही अपने खेतो में परम्परागत खेती के स्थान पर उन्नत तकनीक को अपनाते हुए उद्यानिकी को अपनाया और अमरूद तथा आम के बगीचे लगाये। इन कार्यो से परिवार को आजीविका में सुधार हुआ और अब एक बेहतर जीवन व्यतीत कर रही है। समूह से जुडने के बाद उन्होंने एमएसडब्ल्यू की डिग्री भी हासिल की और बैंक सखी के रूप में ग्राम करियादेह में ही एमपीजीबी बैंक का कियोस्क संचालन कर रही है, जिससे ग्रामीण महिलाओं को विभिन्न योजनाओं में मिलने वाली लाभ की राशि गांव में ही कियोस्क के माध्यम से प्राप्त हो रही है। एक बैंक मित्र, प्रगतिशील किसान और व्यवसायी के रूप में स्थापित भूरी पटेलिया वर्तमान में किसी परिचय की मोहताज नही है, उनकी प्रेरणा से कई महिलाओं ने स्वयं का व्यवसाय स्थापित किया है और खेती किसानी में अपने परिवार की मदद कर रही है।

# विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 1 जून को

## थैलीसीमिया पीड़ितों की मदद के लिए नई पहल शुरू

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसाइटी श्योपुर के अध्यक्ष श्री अर्पित वर्मा के निर्देशन में रक्तदान जागरूकता अभियान को और अधिक गति के साथ आगे बढ़ाने एवं थेलिमिसिया रोगियों की मदद के लिए नई पहल शुरू करते हुए, मानवता की सेवा तथा सैनिको के सम्मान में अग्रणी स्वयं सेवी संस्थाओं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 1 जून 25 रविवार को प्रातः 9.30 बजे से पशु चिकित्सालय रोड स्थित विजय विलास रिसोर्ट में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिले के सैनिकों एवं भूतपूर्व सैनिको का सम्मान भी किया जायेगा।

रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव एवं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ आरबी गोयल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि थैलीसीमिया रोगियों की जीवन रक्षा एवं जिला चिकित्सालय में आपात स्थितियों में रक्त की पूर्ति के लिए कोई भी ऐसा व्यक्ति रक्तदान कर सकता है जिसकी उम्र 18 से 65 वर्ष के बीच है, जिसका रक्तचाप सामान्य है और वजन 45 किलोग्राम से अधिक है, जो हृदय रोग एवं लीवर रोग से ग्रसित नही है तथा मधुमेह के लिए इन्सुलिन नही लेते है, उन्होंने रक्तदान के संबंध में फैली अनावश्यक भ्रांतियों का निवारण करते हुए बताया कि, रक्तदान में मात्र 10 मिनट का समय लगता है, आपके शरीर में मौजूद 5 से 7 लीटर रक्त में से मात्र 300 एमएल रक्त निकलने से किसी प्रकार की कोई कमजोरी नही आती है।

उन्होने बताया कि जिला अस्पताल में संचालित ब्लड बैंक से रक्त की आपूर्ति का आंकड़ा 5000 यूनिट सालाना पर पहुंच गया है, उन्होंने रक्त की मांग के अनुपात में रक्त की सतत उपलब्धता के लिए रक्तदान शिविरों के आयोजन की गति को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता बताई है।

रक्तदान शिविर की आयोजक संस्थाओं के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने, रक्तदान जागरूकता अभियान के सभी सक्रिय संस्थाओं और ब्लड बैंक में रक्त की आपात आवश्यकताओं की पूर्ति के कार्य मे संलग्न युवा समाजसेवियों से रक्तदान शिविर की सफलता के लिए अधिक से अधिक सहयोग का अनुरोध किया है।

# पंचायतो में उप निर्वाचन के दृष्टिगत मतदाता सूची का पुनरीक्षण जारी, सरपंच के 5 एवं पंच के 143 पदो पर निर्वाचन की तैयारियां

**श्योपुर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतों में उप निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इसके तहत उन पंचायतो में मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है, जहां पंच के रिक्त पदो पर उप निर्वाचन होना है। रिक्त सरपंच पदो वाली 5 पंचायतों में पूर्व में पुनरीक्षण की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में रिक्त पंच पदो वाले वार्डो में मतदाता सूची को संशोधित करने का कार्य जारी है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची के प्रारूप का ग्राम पंचायतों पर 5 जून को सार्वजनिक रूप से प्रकाशन किया जायेगा, 5 जून से ही दावे-आपत्तियां प्राप्त की जायेगी तथा मतदाता सूची में नाम जोडने, हटाने, संशोधन आदि के संबंध में दावे-आपत्तियां 11 जून को अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त की जायेगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 17 जून तक किया जायेगा। इसके उपरांत अन्य तैयारियां करते हुए फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का ग्राम पंचायतों में प्रकाशन 25 जून को होगा। उल्लेखनीय है कि श्योपुर जिले में सरपंच के 5 तथा पंचो के 143 रिक्त पदो पर उप निर्वाचन होना है, जिसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पृथक से अधिसूचना जारी की जायेगी। वर्तमान में पंच पदों के लिए निर्वाचन हेतु मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य संचालित है। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कराहल विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पिपरानी, जाखदा, सिलपुरी एवं मोरावन तथा विकासखण्ड श्योपुर की ग्राम पंचायत दलारना कला में सरपंच के पद रिक्त है। इसी प्रकार श्योपुर विकासखण्ड की 15 पंचायतों में पंच के 36, कराहल विकासखण्ड की 18 पंचायतो में पंच के 80 तथा विजयपुर विकासखण्ड की 11 पंचायतो में पंच के 27 पद रिक्त है।

**रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अर्पित वर्मा द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतो के अंतर्गत रिक्त पंच पदो पर उप निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार किये जाने के संबंध में रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किये गये है। जनपद पंचायत श्योपुर, विजयपुर एवं कराहल क्षेत्र के लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रहेंगे। अपीलीय अधिकारी के रूप में संपूर्ण क्षेत्र के लिए अपर कलेक्टर श्योपुर को नियुक्त किया गया है।

# सबलगढ़ शहर की बिजली आज 6 घण्टे बन्द रहेगी

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** सबलगढ़ शहर प्रथम व द्वितीय फीडर की बिजली सप्लाई आज गुरुवार को सुबह 11 बजे से सायंकाल 5 बजे तक बन्द रहेगी।उक्त जानकारी देते हुए बिजली कम्पनी की शहर प्रबंधक सुश्री पूजा जैन ने बताया है कि 11 केवी पर सिटी फीडर प्रथम व द्वितीय का विभक्तिकरण का आवश्यक कार्य होने के कारण सबलगढ़ शहर की बिजली सप्लाई 6 घण्टे तक बन्द रहेगी।आवश्यकता के अनुसार समय घटाया बढ़ाया जा सकता है।

# एसडीएम ने जनसुनवाई में 30 आवेदकों की समस्या सुनी




(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** प्रति सप्ताह की तरह कल मंगलवार को भी एसडीएम कार्यालय में एकीकृत जनसुनवाई का आयोजन सभा भवन में किया गया जिसमें नायब तहसीलदार श्रीमती रजनी बघेल सहित लगभग सभी विभागों के प्रतिनिधि मौजूद थे।जनसुनवाई में क्षेत्र के करीब 30 पीड़ित व्यक्ति अपनी समस्याओं को लेकर आए और एसडीएम से उनके निराकरण की गुहार लगाई।एसडीएम श्री अरविंद माहौर ने सभी आवेदनों पर ध्यान से गौर किया व उनके शीघ्र निराकरण किये जाने के निर्देश सम्बंधित विभाग प्रमुखों को दिए।

# खेल और युवा कल्याण विभाग के द्वारा विकासखण्ड अटेर में ग्रीष्मकालीन खेल

## प्रशिक्षण शिविर 2025 का हुआ आयोजन, समर कैंप में पहुंचे सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटेर, स्कूल के प्राचार्य, बढ़ाया बच्चों का हौसला



**भिण्ड ब्यूरो।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार विकासखंड अटेर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2025 का आयोजन सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के किला मैदान में ब्लॉक समन्वयक अटेर नीरज सिंह बघेल के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। समर कैंप का आयोजन खेल और युवा कल्याण विभाग के द्वारा 20 जून 2025 तक आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिलाधीश भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ असित यादव के निर्देशानुसार एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री जोसेफ बाक्सला एवं कार्यालय प्रभारी श्री रामबाबू कुशवाह के मार्गदर्शन में एवं ब्लॉक समन्वयक नीरज सिंह बघेल की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है। 28 मई 2025 को सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटेर स्कूल के प्राचार्य श्री कोस्तुक रंजन समर कैंप में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों के बीच पहुंचे और उनसे परिचय प्राप्त किया, उन्होंने खिलाड़ियों से कहा पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी हमारे जीवन का हिस्सा है, खेलों से हमारे व्यक्तित्व में निखार आता है एवं खेल से हमारे शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी तेजी से होता है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी ओर से खिलाड़ियों को स्वल्पाहार भी वितरित किया, साथ ही उन्होंने कहा जब तक ये समर कैंप का आयोजन चलेगा स्वल्पाहार उनके द्वारा खिलाड़ियों को दिया जाएगा, समर कैंप में खोदृखो खेल का प्रशिक्षण सीनियर खिलाड़ी रणजीत गुर्जर, एवं बॉलीबॉल का प्रशिक्षण सीनियर खिलाड़ी रिषभ यादव के द्वारा दिया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2025 का आयोजन 21 मई से शुरू हुआ है जो 20 जून चलेगा, जिसका समय प्रातः 06.30 बजे से 08.30 तक है, इसमें 08 से 18 वर्ष तक आयु वर्ग के बालकध्बालिका खेल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# बीरपुर में 21 कुंडीय श्री राम महायज्ञ कलशयात्रा के साथ शुरू

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**बीरपुर।** वीरपुर में खदान वाले हनुमान मंदिर पर 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को कलशयात्रा के साथ हुआ। श्री शत्रुघ्न दास जी महाराज साकेत धाम की प्रेरणा से उनके कृपा पात्र शिष्य महामंडलेश्वर रामदास महाराज के सानिध्य में विश्व कल्याणार्थ महायज्ञ अखंड रामचरित मानस पाठ श्री राम कथा एवं श्री राम महायज्ञ का आयोजन भक्तों द्वारा किया जा रहा है। बुधवार को वीरपुर एमएस रोड मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर से कलश यात्रा बैंड बाजा के साथ प्रारंभ की जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।यज्ञ की पूर्णाहुति व भंडारा 5 जून को होगा।

# कलेक्टर ने प्रत्येक लोक सेवा केंद्र में पीआरओ हेल्प डेस्क गठन के दिए निर्देश

## आवेदकों को कहीं और से फॉर्म भरवाने के पैसे नहीं देने होंगे, लोक सेवा केंद्र के ऑपरेटर फॉर्म भरवाने एवं जानकारी देने में मदद करेंगे

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव ने आदेश जारी कर कहा है कि लोक सेवा प्रबंधन विभाग की सीएम हेल्पलाइन, अन्य शिकायती आवेदन एवं शिकायतों की समीक्षा के दौरान संज्ञान में आया है की लोक सेवा केन्द्रों पर केंद्र के बाहर अथवा प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय परिसर में असामाजिक तत्वोंध्अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा आवेदकों से आवेदन के फॉर्म भरने आवश्यक दस्तावेज आदि पूर्ण करने के लिये शुल्क लिया जाता है जो शासन की मंशा के विपरीत है एवं लोक सेवा केन्द्रों की स्थापना के मूल्य उद्देश्य के विरुद्ध है। शासन द्वारा लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम के तहत लोक सेवा केंद्र में दर्ज होने वाले आवेदनों के शुल्क की राशि 20 रूपए निर्धारित की गयी है।

कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव ने आमजन की सुविधा हेतु जिले में संचालित लोक सेवा केन्द्रों को आरएफपी में निहित प्रावधान अनुसार निर्देशित किया है कि प्रत्येक लोक सेवा केंद्र में जनसंपर्क डेस्क की स्थापना की जाए, पूछताछ काउंटर पर जनसंपर्क के लिए एक व्यक्ति को तैनात किया जाएगा। लोक सेवा केंद्र जनसंपर्क डेस्क के माध्यम से आवेदक को आवेदन दर्ज करने हेतु सहायता करेंगे। आवेदक को उसकी पात्रता सेवा प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की विधि तथा संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों (यदि कोई हो) के संबंध मे सूचित करना तथा सलाह देना। आवेदक से आवश्यक दस्तावेजों सहित विवरण प्राप्त किया जाएगा उसका आवेदन सोसायटी द्वारा उपलब्ध कराए गए वेब-आधारित सॉफटवेयर का उपयोग करके ऑनलाइन पूरा किया जाएगा।

आवेदक से आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक स्व-सत्यापित दस्तावेज लें। दस्तावेजों को स्कैन करें उन पर डिजिटल हस्ताक्षर करें और उन्हें आवेदन के साथ अपलोड करें। निर्धारित वैधानिक शुल्क प्राप्त करें जिसे आवेदन जमा करते समय भुगतान करना होगा यह शुल्क ऑफलाइनध्ऑनलाइन मोड के रूप में भुगतान किया जा सकता है। आवेदक से आवेदन शुल्क एकत्र करें। पूरा आवेदन पत्र ऑनलाइन नामित अधिकारी को प्रस्तुत करें। आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लें और उस पर आवेदक के हस्ताक्षर लें। आवेदक को आवेदन की कम्प्यूटर द्वारा तैयार पावती निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। आवेदकों की सुविधा के लिए विभिन्न मूल्यवर्ग के गैर न्यायिक स्टाम्प और खाली चालान फार्म रखें।

# जौरा में चला विद्युत चेकिंग अभियान

**जोरा।** लगातार विद्युत लोड के चलते बार-बार हो रही ट्रिपिंग फेस जाना विद्युत आपूर्ति का बाधित होने से जहां आमजन नागरिक विद्युत उपभोक्ता तो परेशान हुई रहे हैं वहीं नवीन ट्रांसफार्मर रखने के बाद अचानक लोड बढ़ने से परेशान विद्युत अधिकारी आखिरकार आकस्मिक चेकिंग पर निकल ही पड़े चेकिंग के दौरान सहायक की यंत्री पी एस यादव एवं कनिष्ठ यात्री मुकेश मिश्रा ने दर्जन बरसे अधिक स्थानों पर विद्युत की चोरी भी पड़ी 28 म ई यादव एवं मिश्रा अचानक विद्युत की चेकिंग करने निकल पड़े अधिकारी जब गायत्री मंदिर डाकखाना रोड पहुंचे तो दोनों स्थानों पर उन्होंने 15 विद्युत उपभोक्ताओं के यहां चोरी पकड़ी सभी के विरुद्ध चोरी के प्रकरण भी बनाए गए वही विद्युत बिलों की राशि जमा नहीं करने को लेकर चल रहे वसूली अभियान के अंतर्गत वसूली टीम के मनोज कुमार जाटव एहसान खान भारत मीणा ऋषिकेश कुशवाहा अमरकांत शर्मा घनश्याम सिकरवार एहसान खान ब्रजमोहन धाकड़ अलीमुद्दीन खान हरिओम कुशवाहा सहित अन्य कर्मचारियों ने डाकखाना रोड सदर बाजार एमएस रोड 5 बीघा इस्लामपुर रोड बनियापाड़ा सहित अन्य गली मोहल्ले में 33 कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई शाम तक वसूली टीम को 294000 भी उपभोक्ता में जमा करवाएं विद्युत अधिकारियों का कहना है कि नगर में कई स्थानों पर नवीन ट्रांसफार्मर रखवा गए हैं कुछ स्थानों पर ट्रांसफार्मर रखवाने की प्रक्रिया जारी है फिर भी कुछ स्थानों पर ओवरलोड की समस्या बनी हुई है जो चोरी के चलते हो रही है चेकिंग अभियान प्रतिदिन जारी रहेगा जहां भी चोरी पकड़ी जाएगी उनके विरुद्ध चोरी के प्रकरण बनाए जाएंगे

# लोक सेवा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा, स्टाफ की बायोमेट्रिक अटेंडेंस तथा

## भीड़ नियंत्रण हेतु टोकन सिस्टम लागू, ए श्रेणी में 3 काउंटर तथा बी श्रेणी में 2 काउंटर अनिवार्य

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव द्वारा दिनांक 26 मई 2025 की साप्ताहिक टीएल समीक्षा बैठक में लोक सेवा प्रबंधन विभाग की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान तथ्य परिलक्षित हुए जिसमें शिकायत कर्ता श्री सूरज सिंह राजावत द्वारा सीएम हेल्पलाइन दिनांक 04 मई 2025 द्वारा अवगत करवाया गया की ष्लोक सेवा केंद्र भिण्ड ग्रामीण में ऑपरेटर द्वारा कोई भी आवेदन देने के बाद 2-3 दिन बाद उसकी पावती देते हैं और पूछने पर बोलते हैं की हमारे पास आवेदन अधिक होते हैं इसीलिए उस दिन पावती देने में असमर्थ हैं इसीलिए 2 दिन बाद पावती मिलेगी जिससे आवेदक को असुविधा होती है और केंद्र इंचार्ज भी उपस्थित नहीं होते हैं। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है की लोक सेवा केंद्र का संचालन आरएफपी अनुसार नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव द्वारा आदेशित किया गया है कि आरएफपी के निहित प्रावधान अनुसार जिला अन्तर्गत संचालित समस्त लोक सेवा केन्द्रों को निर्देशित किया जाता है की केंद्र में आवेदकों की सुविधा हेतु व्यवस्थित कार्य के संचालन हेतु टोकन बेस्ड सिस्टम लागू करेंगे, टोकन नंबर डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित होना चाहिए। दिनांक 07 मई 2025 को जिला प्रबंधक लोक सेवा कार्यालय में समक्ष में उपस्थित होकर श्री अरविन्द कुशवाहा निवासी खरिका तहसील अटेर द्वारा लोक सेवा केंद्र अटेर द्वारा पिछले 4 दिनों से सीमांकन का आवेदन ऑनलाइन दर्ज ना करने की शिकायत प्राप्त हुई एवं सिर्फ तीन ऑपरेटर द्वारा ही लोक सेवा केंद्र चलाया जा रहा है ऐसा आवेदन दिया गया। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है की लोक सेवा केंद्र का संचालन आरएफपी अनुसार नहीं किया जा रहा है, अतः आदेशित किया जाता है कि आरएफपी के निहित प्रावधान अनुसार जिला अन्तर्गत संचालित समस्त लोक सेवा केन्द्रों को निर्देशित किया जाता है की केंद्र में समस्त स्टाफ की बायोमेट्रिक अटेंडेंस व्यवस्था लागू की जाए, एवं रिकॉर्ड संधारित किया जाए। आरएफपी के निहित प्रावधान अनुसार ए श्रेणी में 3 काउंटर तथा बी श्रेणी में 2 काउंटर एवं स्टाफ सुनिश्चित करेंगे। आरएफपी के निहित प्रावधान अनुसार सीसीटीवी इंस्टॉल करना सुनिश्चित करेंगे। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 25 अप्रैल 2025 (ग्रेडिंग माह अप्रैल), को शिकायत कर्ता श्री रमन पचोरी द्वारा अवगत शिकायत दर्ज की गयी, ष् मेरे द्वारा ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोक सेवा केंद्र मिहोना में आवेदन दिया गया है परन्तु 750 रूपए की मांग की जा रही है और कोई रशीद नहीं दी जा रही है जिससे आवेदक को समस्या हो रही है। दिनांक 17 मई 2025 (शनिवार) को दूरभाष पर सुबह 11रू41 पर प्राप्त शिकायत में अवगत करवाया गया की आवेदक द्वारा जाती प्रमाण पत्र जमा करने लोक सेवा केंद्र भिण्ड शहरी पर उपस्थित हुए एवं केंद्र बंद होने के सम्बन्ध में शिकायत की गयी थीष्

इससे स्पष्ट प्रतीत होता है की लोक सेवा केंद्र का संचालन आरएफपी अनुसार नहीं किया जा रहा है, अतः आदेशित किया जाता है की जिला अन्तर्गत संचालित समस्त लोक सेवा केन्द्रों को निर्देशित किया जाता है की सप्ताह में 6 दिवस सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक केंद्र का संचालन करेंगे।

# जिला कलेक्टर्स सहित संभाग के अन्य अधिकारियों ने सीखीं वनाधिकार अधिनियम की बारीकियाँ

## ग्वालियर-चंबल संभाग की जिला स्तरीय वनाधिकार समितियों के लिए हुई दो दिवसीय कार्यशाला

### विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर्स ने बताए जनजातियों के वनाधिकार व अधिनियम के प्रावधान




**ग्वालियर** / परंपरागत रूप से पीढ़ी दर पीढ़ी वन क्षेत्र में रहते आ रहे अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य समुदायों के लोगों के हित में सरकार द्वारा बनाए गए वनाधिकार अधिनियम एवं नियमों पर दो दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों की जिला स्तरीय वन अधिकार समितियों के सदस्यों ने भाग लिया। यहाँ बाल भवन स्थित सभागार में आयोजित हुई कार्यशाला के दूसरे व आखिरी दिन ग्वालियर व चंबल संभाग के जिला कलेक्टर, वन मण्डलाधिकारी, जिला व जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जनजाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त व जिला संयोजकों को वनाधिकार अधिनियम एवं उसके क्रियान्वयन के संबंध में उपयोगी जानकारी दी गई। 3प्रभारी संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर ग्वालियर श्रीमती रुचिका चौहान ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों से कहा कि कार्यशाला में वन अधिकार अधिनियम के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई है। सभी अधिकारी अपने-अपने जिले में सरकार की मंशा के अनुरूप वन अधिकार अधिनियम का क्रियान्वयन कर अनुसूचित जनजाति के पात्र परिवारों को लाभान्वित कराएं। उन्होंने कहा कि संभाग के सभी जिलों में वन अधिकार अधिनियम के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक करें। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा वन अधिकार अधिनियम की तकनीकी जानकारी व बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों द्वारा वन क्षेत्र में पारंपरिक रूप से रहने वाले लोगों के व्यक्तिगत वन अधिकार, सामुदायिक अधिकार, सामुदायिक वन संसाधन अधिकार, पर्यावास का अधिकार एवं विकास के अधिकार के बारे में बताया गया। साथ ही कार्यशाला में मौजूद प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान भी किया। कार्यशाला में मुख्य वन संरक्षक श्री एपीएस सेंगर, ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान सहित गुना, शिवपुरी, दतिया व मुरैना जिले के कलेक्टर, विभिन्न जिलों के वन मण्डलाधिकारी एवं जिला व जनपद पंचायतों के सीईओ, संयुक्त आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री के के पबिया, मास्टर ट्रेनर श्री प्रखर जैन, श्री कमल किशोर, श्री संदीप एवं श्री केशव गुरमुले व सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण ग्वालियर श्री राकेश गुप्ता मौजूद रहे। संयुक्त आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री के के पबिया ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा एफआरए एटलस तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही वन अधिकार अधिनियम से पात्र परिवारों को लाभान्वित कराने से संबंधित अगले दो साल की कार्ययोजना के बारे में भी जानकारी दी।

# जल सहेजने के लिये दीवार लेखन व शपथ दिलाकर लोगों को किया जा रहा है जागरूक

### जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन जागरूकता गतिविधियां जारी




**ग्वालियर**/ जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं के निर्माण व जीर्णोद्धार के साथ-साथ जिलेवासियों को जल सहेजने के लिये जागरूक करने का काम प्रमुखता से किया जा रहा है। इस काम में जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था एवं उससे जुड़े युवा मण्डलों द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। इस क्रम में घाटीगाँव विकासखंड के ग्राम ओड़पुरा व झण्डा का पुरा में जन अभियान परिषद, ग्वालियर से संबद्ध सफल युवा मंडल द्वारा बुधवार को जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से दीवार लेखन किया गया। साथ ही %जल बचाने की शपथ% भी दिलाई गई। सफल युवा मंडल के सदस्यों द्वारा विभिन्न स्थानों पर प्रेरणादायक नारों और संदेशों की दीवार लेखन के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को भी मैं जल बचाऊंगा, जीवन बचाऊंगा जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से इस अभियान में जोड़ा जा रहा है। इन सभी को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया जा रहा है। इस पहल की स्थानीय नागरिक सराहना कर रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हो रहे जन जागरूकता कार्यक्रमों में सफल युवा मण्डल के अध्यक्ष श्री अरविंद कुशवाह तथा सर्वश्री महेश कुशवाह, बलराम, अमन, अभिषेक, तुलाराम, राकेश, बंटी, राधा, गोविंद एवं स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती खुशी कुशवाह का सक्रिय सहयोग मिल रहा है।

# मुरार नदी के किनारे से हटाया गया अतिक्रमण



### जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई



**ग्वालियर**/ मुरार नदी के किनारे बिना अनुमति के किए गए निर्माण कार्य को जिला प्रशासन के दल द्वारा हटाया गया। हुरावली चौराहे के समीप मुरार नदी के किनारे पर किए गए अतिक्रमण को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अतुल सिंह के नेतृत्व में प्रशासन एवं नगर निगम के संयुक्त दल द्वारा हटाया गया। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने भी हुरावली चौराहे पर पहुँचकर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने श्रमदान कर आम नागरिकों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

### मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम एवं जल गंगा संवर्धन अभियान



**ग्वालियर** । ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज बुधवार को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन एवं नगर निगम की अनेक अधिकारी ,कर्मचारी व आम जनों द्वारा श्रमदान कर हुरावली मुराद नदी पर अभियान चलाकर साफ सफाई कराई गई तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न जल स्रोतों का जीर्णोद्धार कर उनकी साफ सफाई की जा रही है तथा आम नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर को डस्ट फ्री करने के लिए नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत मेगा डस्ट फ्री अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज बुधवार को हुरावली नदी एवं आईटीआई कॉलेज से नारायण बिहार संजय नगर पुल आईआईटीटीएम से होते हुए पुरानी छावनी तक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। हुरावली मुरार नदी क्षेत्र में बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, एसडीएम श्री अतुल सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने सहभागिता कर श्रमदान किया और आम नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

# बिजली कटौती की शिकायत मिलने पर आधी रात को निरीक्षण करने पहुंचे ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### तानसेन नगर जोन पर पदस्थ सहायक यंत्री और उप यंत्री को निलंबित करने के दिए निर्देश



**ग्वालियर** / देर रात बिजली कटौती की शिकायत पता चली तो ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उसी समय विद्युत उपकेन्द्र, ट्रांसफार्मर एवं उस क्षेत्र के निरीक्षण के लिये निकल पड़े। निरीक्षण के दौरान लापरवाही सामने आने पर उन्होंने एक सहायक यंत्री और एक उपयंत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को दिए। मंगलवार देर रात्रि ऊर्जा मंत्री श्री तोमर को क्षेत्रीय वाशिंदों द्वारा बताया गया कि ग्वालियर के कुछ क्षेत्रों में बार-बार बिजली फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है, इससे गर्मी के मौसम में आम लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। श्री तोमर देर बिना समय गवाए औचक निरीक्षण करने निकल पड़े। इस दौरान उन्हें पाताली हनुमान क्षेत्र व तानसेन नगर ज़ोन में विद्युत आपूर्ति बाधित मिली। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई और सुचारू विद्युत आपूर्ति के प्रति लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर को क्षेत्रीय नागरिकों ने निरीक्षण के दौरान बताया कि पिछले करीब चार घंटे से इस इलाके की बिजली गुल है। उन्होंने इस शिकायत को गंभीरता से लिया और सहायक यंत्री श्री रोहित सिंह तथा उपयंत्री श्री प्रताप चतुर्वेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश मौके पर मौजूद मुख्य अभियंता श्री अमित श्रीवास्तव तथा अधीक्षण अभियंता श्री नितिन मांगलिक को दिए। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार की रात फूलबाग, ट्रांसपोर्ट नगर, मोतीझील जोन व सिकन्दर कम्पू क्षेत्र का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के सिकंदर कंपू क्षेत्र में ट्रिपिंग रजिस्टर देखा और अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के लिये दिशा-निर्देश दिए।

महिला सशक्तिकरण

# गीता बोलीं आजीविका मिशन ने हमारे घर में खुशियाँ बिखेर दी हैं...





**ग्वालियर**। जब से मैं स्व-सहायता समूह से जुड़ी हूँ तब से मेरे व मेरे परिवार के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अब मेरे बच्चे कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ते हैं। हमारे परिवार का शांति पूर्वक और खुशहाली के साथ जीवन-यापन हो रहा है। मुझे आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सरकार द्वारा संचालित राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का बड़ा योगदान है। मिशन की बदौलत हमें हर माह औसतन 40 हजार रूपए की आमदनी होने लगी है। इसके लिये मैं सरकार के प्रति सदैव आभारी रहूँगीं। यह कहना है ग्वालियर जिले के घाटीगाँव के ग्राम चराई रेंहट निवासी श्रीमती गीता प्रजापति का । वे मध्यप्रदेश-डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चराई रेंहट में गठित गीता स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष हैं। स्व-सहायता समूह के माध्यम से लखपति क्लब में शामिल हो चुकीं गीता बताती हैं कि समूह से जुड़ने से पहले हमारे दिन बड़ी कठिनाई में गुजरे हैं। घर के आर्थिक हालात ठीक नहीं थे। गाँव में नाम मात्र की खेती थी। पति खूब मेहनत मजदूरी करते पर घर का खर्चा फिर भी नहीं चल पाता। मेरी तमन्ना थी कि मेरे बच्चे कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाई करें, पर आर्थिक स्थिति ठीक न होने से लगता था कि मेरा यह सपना अधूरा ही रहेगा।

गीता कहती हैं कि इसी बीच मुझे पता चला कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व-सहायता समूहों के माध्यम से सरकार महिलाओं को आर्थिक मदद उपलब्ध कराती है। यहीं से हमारे परिवार की खुशहाली के दरवाजे खुल गए। गाँव में मिशन के तहत वर्ष 2021 में स्व-सहायता समूह का गठन हुआ और मुझे इसके अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। समूह के खाते में सभी सदस्यों ने थोड़ी-थोड़ी राशि जमा की। मुझे जरूरत पड़ने पर सबसे पहले पाँच हजार रूपए की राशि मिली। इससे हमने अपना काम-धंधा बढ़ाया और राशि चुकता कर दी। इससे मेरा हौसला बढ़ा और समूह से 20 हजार रूपए लेकर सिलाई सेंटर शुरू किया।

# महापौर डॉ. सिकरवार ने शहर की स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था के संबंध में बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**ग्वालियर**

महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार में आज शहर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को लेकर नगर निगम के विद्युत विभाग एवं स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा शहर में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था को ठीक करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में मेयर इन काउंसिल के सदस्य श्री अवधेश कौरव, श्री विनोद यादव मांडू, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, सहायक यंत्री श्री सुबोध खरे, श्री अनिल चौहान, स्मार्ट सिटी आलोक तिवारी, नोडल अधिकारी विद्युत श्रीमती अभिलाषा बघेल, सहायक यंत्री विद्युत रामबाबू दिनकर सहित अन्य संबंधित विभाग अधिकारी उपस्थित रहे। बाल भवन में आयोजित बैठक में महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने खराब स्ट्रीट लाइटों की समीक्षा की, जिसमें प्रॉपर जानकारी न मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी वार्डों में जहां निगम की स्ट्रीट लाइट लगी हैं। उनका विस्तृत सर्वे करें तथा सही एवं खराब लाइटों की विस्तृत जानकारी के साथ सात दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके साथ ही आगामी समीक्षा बैठक सात दिवस पश्चात की जाएगी। जिसमें स्ट्रीट लाइट का संधारण करने वाली कंपनी के संचालक को बुलाया जाए। उनके द्वारा कंट्रोल कमांड सेंटर से स्ट्रीट लाइटों की मॉनिटरिंग व्यवस्था को अभी तक प्रॉपर तरीके से शुरू नहीं कर पाये हैं।

शहर के अनेक स्थानों से दिन में भी लाइट जलने की शिकायतें आ रही हैं। इसको लेकर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि संबंधित एजेंसी अपनी टीमें बडायें तथा मेंटेनेंस करके दी जा रही लाइटों की संख्या भी बडायें तथा एजेंसी द्वारा भेजे जाने वाली टीम के पास सभी आवश्यक संसाधन हो जिससे स्ट्रीट लाइट की समस्या का तत्काल निराकरण कराया जा सके।शहर में प्रतिदिन कितनी लाइटें सही की जाती हैं या बदली जाती हैं, इसकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये **उप मुख्य इंजीनियर/ कारखाना/ झाँसी** हेतु ऑनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** डिप्टी सी.ई.-झाँसी-डब्लू-79

**कार्य का नामः** जोन क्रमांक 2सी वार्षिक अनुभागीय अनुबंध, वर्ष 2024-25 के लिए उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झाँसी के अधीन एसएसई/वर्क्स/जेएचएसडब्लू और एसएसई/डब्ल्यूकेएस/सीएमएलआर झाँसी के अधिकार क्षेत्र में वैगन रिपेयर वर्कशॉप, जीएसडी, एसटीसी, डब्ल्यूएओ कार्यालय और सीएमएलआर वर्कशॉप अस्पताल आदि की मरम्मत और रखरखाव, सफेदी, रंग धुलाई, डिस्टेंपरिंग, पेंटिंग, पॉलिशिंग और वार्निशिंग का वार्षिक अनुभागीय अनुबंध।

**अनुमानित लागतः** ₹ 13871976.80 (एक करोड़ अड़तीस लाख इकहत्तर हजार नौ सौ छेहत्तर रूपये अस्सी पैसे मात्र), **अमानत राशिः** ₹ 219400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** कुछ नही।

**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 23.06.2025 15.00 बजे, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह।

पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के साईट www.ireps.gov.in पर देखें।

920/25 FA

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**कार्यालय आयुक्त, नगर पालिक निगम, ग्वालियर**

कमांक 1995/ज.प्र./न.पा.नि./2025 ग्वालियर दि.28.05.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम ग्वालियर की ओर से जल प्रदाय विभाग के अंतर्गत लश्कर पूर्व, लश्कर पश्चिम क्षेत्र कमांक 01 एवं 02 के अंतर्गत विभिन्न कार्य हेतु, टेण्डर आई. डी. 2025-UAD 425928-1, 2025-UAD-425914-1, जिनकी अनुमानित लागत 22.55.261/- रूपये है. के लिये प्रतिशत दर पर दिनांक 23.05.2025 से 24.06.2025 एवं टेण्डर आई. डी. 2025 UAD-410363-2, 2025-UAD-426999-1, 2025-उड़-426975-1. 2025-UAD-426969-1. जिनकी अनुमानित लागत 21,23,769/- रूपये है, के लिये प्रतिशत दर पर दिनांक 27.05 2025 से 11.06.2025 तथा टेण्डर आई. डी. 2025 UAD-427018-1, जिनकी अनुमानित लागत 12.66,246/- रूपये है, के लिये प्रतिशत दर पर दिनांक 22.05.2025 से 27.06.2025 को 5:30 पीएम तक कार्यालय आयुक्त, नगर पालिक निगम, ग्वालियर में म.प्र. लोक निर्माण विभाग (केन्द्रीयकृत पद्धति) में उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन ठेकेदार/उपकन/फर्म से ई-टेण्डर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा के सबंध में विस्तृत जानकारी बेवसाइट http://mptenders.gov.in पर प्रदर्शित की गई है।

आर.ओ. क्र.352 आर. 28.05.2025

**कार्यपालन यंत्री**
**जल प्रदाय विभाग**
**नगर निगम, ग्वालियर**

# संपादकीय

## जीवन में कुछ बनने के लिए विनम्र होना जरूरी- बीज को भी पेड़ बनने जमीन के नीचे दबना पड़ता है

वैश्विक मानवीय जीवन छैली को अगर हम देखें तो आधुनिकता का भाव कूट-कूट कर भरा है। वर्तमान डिजिटलाइजेशन और वैज्ञानिक युग में वैश्विक स्तरपर पुरानी परंपराओं, पौराणिक मान्यताओं, रीति-रिवाजों की सोच, आज वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक सोच ने इनका स्थान ग्रहण लिया है। स्थिति आज ऐसी हो गई है कि यदि कोई इन रीति-रिवाजों, मान्यताओं, पौराणिक धार्मिकता, पर अपनी बात करेगा तो उसे पुरानी सोच, दकियानूसी बातें, हो गया पुराना जमाना, कह कर हंसी का पात्र बना दिया जाता है।....बात अगर हम भारत की करें तो कुछ स्तर पर यहां भी ऐसी सोच पाश्चात्य देशों की तर्ज पर स्थापित होती जा रही है। परंतु यह भारतीय मिट्टी इसे सिरे से खारिज करने में अदृश्य अनमोल रोल अदा कर रहीं है।...बात अगर मानवीय गुणों की करें तो भारतीय मानवीय गुण विश्व में सर्वाधिक प्रसिद्ध है। मानवीय गुणों की श्रेष्ठता में भारत प्रथम रैंक में आएगा ऐसा मेरा मानना है। साथियों,, मानवीय गुणों में अनेक ज्ञानात्मक, क्रियात्मक, विचारात्मक, संस्कार, आत्मक गुण, शामिल होते हैं। हम आज विनम्रता गुण पर चर्चा करेंगे...साथियों,, मेरा मानना है कि भारतीय मिट्टी में विनम्रता का गुणा कूट-कूट कर भरा है। बस इसे ग्रहण करने की जरूरत है। विनम्रता गुण जिसने ग्रहण किया उसमें आध्यात्मिकता, सहिष्णुता की भावना, कर्मवाद, विश्वबंधुत्व उच्च संस्कार, आशावादिता, अतिथि देवो भव वाले विचार, स्वभावरूपी आभूषण, बहुमूल्य सिंगार, अपने आप समाहित हो जाते हैं। साथियों,,आज भारत में जन्मा प्रवासी भारतीय या मूल भारतीय व्यक्ति आज विश्व के कोने-कोने में अपनी एक विशेष उपस्थिति दर्ज कराते हुए मिलेगा। चाहे वह विदेशों में मजदूरी का काम करता है या किसी देश का संसद, उपराष्ट्रपति, उद्योगपति, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेशनल हो तो उसे उस देश के प्रशासक प्राथमिकता देगें क्योंकि वह अपेक्षाकृत अधिक मेहनती, विनम्र, और योग्य है। उसमें अनेक मानवीय गुण अपेक्षाकृत अधिक समाए हुए हैं और विनम्रता का भाव अधिक है इसीलिए उसका सम्मान होता है। और वह श्रेष्ठमानव की श्रेणी में आता है। विनम्रता के कारण मानव किसी को भी जल्दी संप्रेषण कर आसानी से उसे संतुष्ट कर सकता है। सभको अपना बना लेता है, समाज में श्रेष्ठस्थान पाता है। विनम्रता एक ऐसी खान है जिसमें सहनशीलता, दया, परोपकार, प्रसन्नता, प्यार, वाणी, सुव्यवहार, स्वभाव, आचरण, रूपी अनेक अस्त्र समाहित होते हैं जिससे कोई भी जंग जीतना आसान हो जाता है। क्योंकि उस खान में इतने अस्त्रों से सम्मानित व्यक्ति किसी भी जंग में हार नहीं सकता। इसलिए ही कहा गया है बिना मूल्य मनुष्य का बहुमूल्य आभूषण और श्रृंगार उसकी नम्रता का गुण है। साथियों,, अगर हम गंभीरता से देखें तो एक व्यक्ति के व्यक्तित्व को जानने की पहली सीढ़ी उसकी विनम्रता रूपी गुण होती है। तभी आगे व अन्य मानवीय गुणों को प्राप्त करेगा। आज के आधुनिक युग में मानवीय गुणों की विलोप्ता तेजी से बढ़ी है और धनबल का अस्तित्व बढ़ रहा है, परंतु यहां भारतीय संस्कार और भारत की मिट्टी अपना प्रभाव दिखाकर भारत में विनम्रता के विस्तार में अग्रसर है, क्योंकि व्यक्ति की परवरिश में परिवार के संस्कार और देश की संस्कृति का असर तो होता ही है। फलस्वरुप उसके व्यवहार में विनम्रता का गुण पनपता है, जिसका श्रेय ही भारत की मिट्टी, धरोहर को जाता है। विनम्रता एक ऐसा मानवीय गुण है जो धन बल से खरीदा नहीं जा सकता। विनम्रता का गुण बड़ी-बड़ी समस्याओं, विपत्तियों, विपरीत परिस्थितियों, दुखों, का निवारण इस विनम्रता रूपी अस्त्र से किया जा सकता है और अंतिम जीत विनम्रता की ही होती है। विनम्रता गुस्से, कटुता, की काट है। क्योंकि विनम्रता का पलड़ा अहंकार, गुस्से, और ज्ञान के पलड़े से भारी होता है। कोई व्यक्ति कितना भी शिक्षाप्रद, बड़ा अधिकारी, बड़ा मंत्री, क्यों ना हो विनम्रता के बिना उसका यह अस्तित्व व्यर्थ है, उसके सामने एक निरीह, अनपढ़, और विनम्रता से ओतप्रोत मानव सफल, सचेत, और मूल्यवान माना जाएगा और अंतिम जीत विनम्रता धारक व्यक्ति की ही होगी। साथियों,, जीवन तनावमुक्त, प्रेम, प्रसन्नता, सौदाहर्यता, जीवन में सुखशांति, रिश्तो में माधुर्यता प्राप्त करना है तो मानवीय गुणों के इस विनम्र भाव को अपनाना होगा, क्योंकि जीवन में कुछ करने के लिए विनम्र होना जरूरी है जैसे एक बीज को भी जमीन के नीचे दबना पड़ता है उसके बाद ही अंकुरित होकर विशालकाय पेड़ का स्वरूप लेता है।

# अरावली पहाड़ का उजड़ना चिंताजनक

पंकज चतुर्वेदी

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में बीते कुछ दिनों से गर्मी के साथ आकाश में छाए धूल के गुबार ने सांस के मरीजों के लिए जीवन का संकट खड़ा कर दिया है।

हरियाणा के भिवानी में बवंडर ऐसा था कि दृश्यता 200 मीटर नहीं रह गई थी। रेत के तूफान ने राजस्थान के बीकानेर में भी लोगों को भयभीत किया वहां धूल ने सूरज को ढंक दिया और 455 डिग्री की गर्मी को घुटन में बदल दिया। कहने की जरूरत नहीं कि यह रेतीली आंधी पाकिस्तान से उठी थी। वैसे तो हर साल मानसून आने से पहले दिल्ली और उत्तर-पश्चिम भारत में ऐसे धूल भरे तूफान आना आम है। इस मौसम में सऊदी अरब और कभी-कभी सहारा जैसे दूरदराज के इलाकों से उठने वाली धूल पश्चिमी हवाओं के जरिए यहां तक पहुंच जाती है। चिंता की बात यह है कि इस तरह के धूल भरे अंधड़ की संख्या और दायरा साल-दर-साल बढ़ता जा रहा है। समझना होगा कि यह सीधे-सीधे जलवायु परिवर्तन का प्रभाव है। 2015 के बाद से ऐसे अंधड़ों की संख्या बढ़ती जा रही है। अंधड़ से जान-माल का नुकसान तो होता ही है, सार्वजनिक संपत्तियों को भी खासा नुकसान होता है। अंतरराष्ट्रीय जर्नल 'अर्थ साइंस इंफोरमैटिक्स' में प्रकाशित एक शोध में चेतावनी दी जा चुकी है कि अरावली पर्वतमाला में पहाड़ियों के गायब होने से राजस्थान में रेत के तूफान में वृद्धि हुई है।

भरतपुर, धौलपुर, जयपुर और चित्तौड़गढ़ जैसे स्थानों, जहां अरावली पर्वतमाला पर अवैध खनन, भूमि अतिक्रमण और हरियाली उजाड़ने की अधिक मार पड़ी है, को सामान्य से अधिक रेतीले तूफानों का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान के पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर एल के शर्मा और पीएचडी स्कॉलर आलोक राज के अध्ययन 'असेसमेंट ऑफ लेंड यूज डायनामिक्स ऑफ द अरावली यूजिंग इंटीग्रेटेड' में कहा गया है कि गांठ बांध लें कि दिल्ली, राजस्थान के गैर-मरु स्थलीय जिलों और हरियाणा का अस्तित्व अरावली पर टिका है, और अरावली को नुकसान का अर्थ है कि देश के अन्न के एक कटोरे पंजाब तक बालू के धोरों का विस्तार।

रेत के बवंडर खेती और हरियाली वाले इलाकों तक न पहुंचें, इसके लिए सुरक्षा-परत या शील्ड का काम हरियाली और जल-धाराओं से संपन्न अरावली पर्वतमाला सदियों से करती रही है। इसरो का एक शोध बताता है कि थार रेगिस्तान अब राजस्थान से बाहर निकल कर कई राज्यों में जड़ें जमा रहा है। सनद रहे कि राजस्थान से सुदूर पाकिस्तान और उससे आगे तक फैले भीषण रेगिस्तान से हर दिन लाखों टन रेत उड़ती है। खासकर गर्मी में यह धूल पूरे परिवेश में छा जाती है। मानवीय जीवन पर इसका दुष्परिणाम ठंड में दिखने वाले स्मोग से अधिक होता



है। विडंबना है कि बीते चार दशकों में यहां मानवीय हस्तक्षेप और खनन इतना बढ़ा है कि कई स्थानों पर पहाड़ की श्रृंखला की जगह गहरी खाई हो गई और इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि उपजाऊ जमीन पर रेत की परत का विस्तार हो रहा है। गुजरात के खेड ब्रह्म से शुरू हो कर कोई 692 किमी. तक फैली अरावली पर्वतमाला का विसर्जन देश के सबसे ताकतवर स्थान रायसीना हिल्स पर होता है, जहां राष्ट्रपति भवन स्थित है। अरावली पर्वतमाला को कोई 65 करोड़ साल पुराना माना जाता है, और इसे दुनिया के सबसे प्राचीन पहाड़ों में गिना गया है। ऐसी महत्त्वपूर्ण प्राकृतिक संरचना का बड़ा हिस्सा बीते चार दशक में पूरी तरह न केवल नदारद हुआ, बल्कि कई जगह उतूंग शिखर की जगह डेढ़ सौ फुट गहरी खाई हो गई। असल में अरावली पहाड़ रेगिस्तान से चलने वाली आंधियों को रोकने का काम करते रहे हैं, जिससे एक तो मरूभूमि का विस्तार नहीं हुआ दूसरा इसकी हरियाली, साफ हवा और बरसात का कारण बनती रही।

एक अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में छपी रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दो दशकों में कई अन्य पहाड़ियों के अलावा, ऊपरी अरावली पर्वतमाला की हरियाणा और उत्तरी राजस्थान में कम और मध्य ऊंचाई की कम से कम 31 पहाड़ियां गायब हो गई हैं। ऊपरी स्तर पर पहाड़ियों का गायब होना नरैना, कलवाड़, कोटपूतली, झालाना और सरिस्का में समुद्र तल से 200 मीटर से 600 मीटर की ऊंचाई पर दर्ज किया गया था। याद करें कोई तीन साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी सरकार से पूछा था कि आखिर, कौन हनुमान जी ये पहाड़ियां उठा कर ले गए? 1975-2019 के दौरान किए गए एक अध्ययन में पता चला कि वन क्षेत्र में सघन बस्तियां बस जाना पहाड़ियों के गायब होने के प्रमुख कारणों में से एक था।

इस अध्ययन के परिणामों से पता चला है कि 1975-2019 के बीच अरावली की 3676 वर्ग किमी. भूमि बंजर हो गई। ऐसे हालात में अंधड़ की मार का दायरा बढ़ेगा। अरावली पहाड़ का उजड़ना अर्थात वहां जंगल और जल निधियों के उजड़ने, दुर्लभ वनस्पतियों के लुप्त होने के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। तेंदुए, हिरण और चिंकारा भोजन के लिए मानव बस्तियों में प्रवेश करते हैं, और मानव-जानवर टकराव के वाकिये बढ़ रहे हैं। जान लें अंधड़ बढ़ने से भी जानवरों के बस्ती में घुसने की घटनाएं बढ़ती हैं। अवैध खनन और भूमि अतिक्रमण को कम करने के लिए उपाय किए जाने चाहिए और लगातार क्षेत्र की निगरानी की जानी चाहिए। अरावली को और अधिक नुकसान हुआ तो तेज अंधड़ की मार से दिल्ली भी नहीं बचेगी। चिंताजनक तथ्य है कि बीसवीं सदी के अंत में अरावली के 80 फीसद हिस्से पर हरियाली थी जो आज बमुश्किल सात फीसद रह गई। जाहिर है कि हरियाली खत्म हुई तो वन्य प्राणी, पहाड़ों की सरिताएं और छोटे झरने भी लुप्त हो गए।

सनद रहे अरावली रेगिस्तान की रेत को रोकने के अलावा मिट्टी क्षरण, भूजल का स्तर बनाए रखने और जमीन की नमी बरकरार रखने वाले जोहड़ों और नदियों को आसरा देती रही है। अरावली की प्राकृतिक संरचना नष्ट होने की ही त्रासदी है कि वहां से गुजरने वाली साहिबी, कृष्णावती, दोहन जैसी नदियां लुप्त हो रही हैं। वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट की एक सर्वे रिपोर्ट बताती है कि जहां 1980 में अरावली क्षेत्र के महज 247 वर्ग किमी. क्षेत्र पर आबादी थी, आज यह 638 वर्ग किमी. पर रह गई है। साथ ही, इसके 47 वर्ग किमी. में कारखाने भी हैं।

# आतंक की बर्बर हिंसक गतिविधियों से कई देश पीड़ित

**भारत आंतरिक और विदेशी (बाह्य) आतंकवाद, दोनों से गंभीर रूप से पीड़ित है। भारत में आतंकवाद के कई कारण और रूप हैं, जिनमें राजनीतिक कारण सबसे अहम है, जिसमें अलगाववादी आंदोलन, जातीय संघर्ष, सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव और पड़ोसी देश द्वारा सीमा से आतंकवादियों की घुसपैठ करा कर आतंकवाद फैलाना शामिल हैं। धर्म या मजहब के नाम पर भी कट्टरपंथी सोच और हिंसा भी आतंकवाद का महत्त्वपूर्ण कारण है। वैचारिक मतभेद, हिंसा द्वारा विचारधारा को फैलाने के हथियार के रूप में इसका इस्तेमाल आम है। सामाजिक-आर्थिक असमानता भी आतंकवाद की वजह रही है जैसे नक्सलबाड़ी से जन्मा वामपंथी नक्सलवाद जो बाद में हथियारबंद तथाकथित आंदोलन बन गया.......**

अखिलेश आर्येन्दु

दुनिया में सबसे विकट, गंभीर और बर्बरता का पर्याय आतंकवाद वर्षो से मानवता का विध्वंसक बना हुआ है। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर इससे अत्यंत गंभीर समस्याएं पैदा हुई हैं।

अमेरिका, अफ्रीका, रूस, फ्रांस, जर्मन, जापान जैसे विकसित देश तो आतंक की बर्बर हिंसक गतिविधियों से पीड़ित हैं ही, तकरीबन सभी एशियाई मुल्क, जिनमें भारत सबसे ज्यादा प्रभावित है, भी इससे त्रस्त हैं।

भारत आंतरिक और विदेशी (बाह्य) आतंकवाद, दोनों से गंभीर रूप से पीड़ित है। भारत में आतंकवाद के कई कारण और रूप हैं, जिनमें राजनीतिक कारण सबसे अहम है, जिसमें अलगाववादी आंदोलन, जातीय संघर्ष, सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव और पड़ोसी देश द्वारा सीमा से आतंकवादियों की घुसपैठ करा कर आतंकवाद फैलाना शामिल हैं। धर्म या मजहब के नाम पर भी कट्टरपंथी सोच और हिंसा भी आतंकवाद का महत्त्वपूर्ण कारण है। वैचारिक मतभेद, हिंसा द्वारा विचारधारा को फैलाने के हथियार के रूप में इसका इस्तेमाल आम है। सामाजिक-आर्थिक असमानता भी आतंकवाद की वजह रही है जैसे नक्सलबाड़ी से जन्मा वामपंथी नक्सलवाद जो बाद में हथियारबंद तथाकथित आंदोलन बन गया। पिछले चार दशकों से भारत में अनेक दुर्दांत आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। ग्यारह राज्यों में दशकों से वामपंथी नक्सलवाद हिंसक गतिविधियां चलाता रहा है, जिसमें हजारों लोग और पुलिस बल (सेना के जवान भी) शिकार हुए हैं। सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देने वाले और धर्म व मजहब के नाम पर हिंसा करने वाले अपनी बात जबरन मनवाने वाले संगठन भारत में अराजकता फैलाने का काम करते रहे हैं। कुछ राज्यों में आतंकवाद की वजह से उद्योग, पर्यटन और दूसरे तमाम क्षेत्रों में रोजगार में कमी आई है। इससे शासन और सरकार की स्थिरता पर भी गहरा असर रहा है साथ में, देश भर में अराजकता का माहौल पैदा करने की इनकी कोशिश जगजाहिर है।

यह देशों के बीच संघर्ष और तनाव पैदा करने का काम भी करता है। भारत में 2014 के पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल की सीमा से आतंकवादी घुसपैठ करते थे और बड़े पैमाने पर भारत में तकरीबन सभी राज्यों में बम विस्फोट और हिंसा की बर्बर घटनाएं आये दिन होती थीं, जिससे बड़ी तादाद में जान-माल का नुकसान होता था। कहना न होगा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद कानून व्यवस्था हर तरह से चाक-चौबंद की गई और आतंकवादी घटनाओं पर कुछ ही महीने में काबू पा लिया गया लेकिन जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों की घुसपैठ पूरी तरह खत्म नहीं हुई। इसी दौरान धारा 370 खत्म की गई और जम्मू-कश्मीर को पुनर्गठित कर तीन केंद्रशासित प्रदेशों कश्मीर, जम्मू और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया। केंद्र सरकार के पिछले दस वर्ष आजादी के इतिहास में कई विकट समस्याओं के समाधान करने वाले रहे हैं। यह सरकार की नीतियों में आमूलचूल बदलाव से ही संभव हुआ है। विदेश नीति के मामले निर्गुट नीति की जगह 'सर्वगुट' नीति को अपनाया गया। गौरतलब है कि 1947 से 2013 तक भारत की विदेश नीति निर्गुट, समझौतावादी और हिंसा का जवाब अहिंसा से देने की रही। यही वजह है कि पिछले चार दशकों से अधिक समय से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और घुसपैठ की घटनाएं भारत में लगातार जारी रहीं। पानी की तरह पैसा बहा कर भी धारा 370 के लागू रहने की वजह से केंद्र का यहां सीमित हस्तक्षेप था, जिसकी वजह से आतंकवाद लगातार फूलता-फलता रहा। जाहिर तौर पर पिछले कई दशकों से आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गया है। यूं तो भारत में आतंकवादी गतिविधियां 50 के दशक में ही बड़े पैमाने पर चालू हो गई थीं। विश्व भर में 1950 के दशक में हुए वामपंथ के उत्थान के बाद आतंकवादी गतिविधियां दुनिया के तमाम मुल्कों में देखी जाने लगी थीं जिनकी जद में यूरोप, अमेरिका, जापान, जर्मनी और भारत जैसे अनेक देश आए लेकिन भारत में आतंकवाद सबसे ज्यादा गंभीर, मुखर और बर्बर गतिविधियों के एक विस्तृत स्वरूप में जारी रहा है।

इसलिए 1967 में गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, बनाया गया। बाद में इस अधिनियम को संशोधित किया गया जिसमें संघीय सरकार को संगठनों और व्यक्तियों को 'आतंकवादी के रूप में नामित करने की शक्ति मिली है। राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 (एनएसए) भी अत्यंत कारगर है जिसमें अधिनियम अधिकारियों को आतंकवादियों से ताल्लुक रखने वाले गुटों के सदस्यों को बिना किसी प्रदर्शन के घोषित अवधि के लिए हिरासत में रखने की अनुमति देता है। फिर पोटा कानून बनाया गया लेकिन 2002 में इसे निरस्त कर दिया गया। आतंकवादी एवं विघटनकारी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) 1985 में लागू किया गया जिसे 1995 में निरस्त कर दिया गया। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों का भी इस्तेमाल किया जाता है। आतंकवादी गतिविधियों को रोकने में आर्म्स एक्ट लागू है, जो आतंकवादी गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाले हथियारों के संबंध में लागू किया जाता है। इसी क्रम में विस्फोटक अधिनियम कानून भी लागू है, जो विस्फोटक चीजों के इस्तेमाल से संबंधित मामलों से ताल्लुक रखता है। कुछ राज्यों ने आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए कानून बनाए हैं, जिनमें महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश जैसे राज्य शामिल हैं, जिनके जरिए आतंकवाद को रोकने का कार्य किया जाता है। आतंकवाद मानवता विरोधी, कानून विरोधी, समाज विरोधी, धर्म विरोधी (मानव मूल्यों के क्षरण) बर्बर गतिविधियों की पहचान के साथ दुनिया भर में जारी है। दुनिया में आतंकवाद जिस तेजी से बढ़ा है, और हजारों आतंकवादी संगठन और गुट इसमें लिप्त हैं, ऐसे हालात में भारत के सामने आतंकवाद खत्म करने की बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को दुनिया के उन सभी देशों को स्वीकार करने की जरूरत है, जो आतंकवाद के खतरे से कई तरह से पीड़ित हैं। देखना यह होगा कि भारत के सामने आतंकवाद की जो चुनौती है, उससे पार पाने में दुनिया के कौन-कौन से देश खुल कर भारत का साथ देते हैं।

## मोबाइल उपभोक्ताओं को कॉल कनेक्ट में समस्या

लोकल सर्किल्स के सर्वेक्षण से पता चला है कि 89त्न मोबाइल उपभोक्ताओं को कॉल कनेक्ट होने में समस्या हो रही है। इनमें से 40त्न ने अक्सर ऐसी स्थिति का सामना करने की बात की। देश के 342 जिलों के रहवासियों से सव्रेक्षण में छप्पन हजार से अधिक प्रतिक्रियाएं ली गई। कॉल करने में दिक्कत के अलावा अचानक फोन कटने की भी शिकायतें आम हैं। जिससे उपभोक्ताओं को बार-बार डेटा/वाई-फाई कॉल यानी व्हाट्सएप, फेसटाइम या स्काइप करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। डाटा फॉर इंडिया के मुताबिक बीते साल ही भारत में हर सौ लोगों पर 81 मोबाइल कनेक्शन हो चुके हैं। हालांकि इसमें कई लोगों के पास दो से ज्यादा कनेक्शन भी हो सकते हैं। फिर भी अंदाजन इस वक्त 84त्न से अधिक भारतीयों के पास मोबाइल कनेक्शन है, जिसमें स्मार्ट फोन उपभोक्ताओं की संख्या 2026 में सौ करोड़ पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। इंटरनेट के प्रयोग और रोजमर्रा में फोन की आवश्यकता ने नौजवानों को मोबाइल कनेक्शन के प्रति बेहद आकृष्ट किया है। आंकड़ों के अनुसार दुनिया के शीर्ष दस दस विकसित देशों की तीन चौथाई आबादी के हाथ में स्मार्टफोन है। बावजूद इसके कंपनियां उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देने में बुरी तरह नाकाम हैं। इसके लिए सरकार का लापरवाह रवैया भी कम दोषी नहीं कहा जा सकता। उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम होने के बावजूद कंपनियों द्वारा लगातार उनकी उपेक्षा की जाती है। फोन कनेक्शन बढ़ने से उत्साहित टेलीकंपनियों को अपनी सेवाओं को लेकर सतर्क और जवाबदेह बनना होगा। किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान के उत्तरदायित्वों के निर्वहन में होने वाली कोताही के प्रति सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए। यदि फोन कंपनियों का इन्फ्रास्ट्रक्चर यह भार सहन करने में सक्षम नहीं है तो वे नये कनेक्शन तब तक देने में हाथ सिकोड़ सकती हैं। जब तक उनका सिस्टम सटीक नहीं हो जाता। जब तारों द्वारा जोड़े जाने वाले लैंड लाइन होते थे, तब लाइन्स सीमित होने के कारण व्यस्त समय में उपभोक्ताओं को सभी लाइनें व्यस्त हैं, जैसी सूचना देने की सुविधाएं थीं। अब तमाम तकनीकी सुविधाओं और मोटी रकम चुकाने वाले उपभोक्ता को फोन कंपनियों की यह जानबूझकर की जा रही लापरवाही क्यों बर्दाश्त करनी पड़ रही है।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, अचानक धन लाभ होगा जिससे आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आपके जूनियर आपसे काम सीखने आएंगे। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। ट्रांसफर के लिए किया गया आवेदन आज स्वीकृत हो जायेगा।

शुभ रंग- ग्रे

शुभ अंक- 5

वृष राशि : आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे। दिक्कतों का तेज़ी से मुक़ाबला करने की क्षमता आपको ख़ास पहचान दिलाएगी। इस राशि के लोगों को आज जीवनसाथी से किसी जरूरी काम में मदद मिलेगी। जिससे काम सरलता से पूरा हो जायेगा।

शुभ रंग- पीला

शुभ अंक- 4

मिथुन राशि : आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है। लाभ होने की सम्भावना बन रही है। करियर में आज कुछ बदलाव होने वाला है, तरक्की के नये रास्ते खुलेंगें। आपके मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

शुभ रंग- पर्पल

शुभ अंक- 2

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा से संबंधी शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे। आज जीवनसाथी की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। विरोधी पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। आज कुछ अनुभवी लोगों से आपकी मुलाकात होगी।

शुभ रंग- नीला

शुभ अंक- 2

सिंह राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। फालतू की शॉपिंग से बचे और अपनी आर्थिक स्थिति कों मज़बूत करें। दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान आज कैंसिल करना पड़ सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आयेगा।

शुभ रंग- हरा

शुभ अंक- 6

कन्या राशि : आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज ख़र्च में इजाफा बचत को ज़्यादा मुश्किल बना देगा। ऑफिस में आज आपकी परफॉरमेंस देखकर बॉस आपके प्रमोशन पर विचार करेंगे। कॉन्ट्रैक्ट का काम कर रहे लोगों को आज अच्छा धन लाभ होगा। लवमेट के बीच चल रही गलत फहमियाँ आज दूर होंगी।

शुभ रंग- काला

शुभ अंक- 6

तुला राशि : आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिये फायदेमंद रहेगा। धनलाभ के नये आसार बनेंगें। इस राशि के इंजीनियर्स के लिये आज का दिन अच्छा है। प्रोफ़ेसर वर्ग के लोगों को आज किसी कॉलेज टीचिंग के लिये ऑफर मिलने वाला है।

शुभ रंग- गोल्डन

शुभ अंक- 8

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। आज कार्यों को लेकर किया गया कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आज आपका आकर्षक व्यक्तित्व लोगों का ध्यान अपनी तरफ़ खींचेगा। आज रिश्तेदार आपसे मिलने घर आ सकता है, जिससे पूरे घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा। आप उनके साथ अलग-अलग पकवानों का आनंद उठाएंगे। बच्चों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

शुभ रंग- पीला

शुभ अंक- 6

धनु राशि : आज का दिन अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगें। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। आज कैश का लेन देन करते समय आपको सावधानी वरतने की आवश्यकता है। आज आप व्यापार को बढ़ाने के लिए नयी योजना बनायेंगे।

शुभ रंग- नीला

शुभ अंक- 1

मकर राशि : आज का दिन नई सौगात लेकर आया है। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। इस राशि के जो लोग पर्यटन से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। आज आप काम के प्रति सचेत रहें विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की नाकामयाब कोशिश कर सकता है। छात्रों को आज प्रोजेक्ट पूरा करने में बड़ी बहन का सहयोग मिलेगा। अगर आप लोन लेना चाहते है तो आज आवेदन कर दें।

शुभ रंग- पिंक

शुभ अंक- 4

कुंभ राशि : आज आपका मन अध्यात्म में लगा रहेगा। आज ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के नवविवाहित दंपत्ति को आज किसी सामाजिक समारोह जाना पड़ सकता है। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा। घर से बाहर रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को आज बड़ी सफलता मिलने वाली है। लवमेट आज एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे। जीवनसाथी आज आपको उपहार देंगे।

शुभ रंग- नीला

शुभ अंक- 7

मीन राशि : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीज़ें सुधर रही हैं। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी करेंगे। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें। लवमेट आज अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे, घर वाले आपके रिश्ते से सहमत होंगे। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा।

शुभ रंग- हरा

शुभ अंक- 2

# गिरावट के साथ खुले शेयर बाजार

## - सेंसेक्स 800 अंक से ज्यादा टूटा, निफ्टी 24,800 के नीचे फिसला



**मुंबई, (ए.)।** वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ खुले। एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस और इन्फोसिस जैसी भारी भरकम शेयरों में बिकवाली से बाजार फिसल गया। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 100 अंक से ऊपर की गिरावट लेकर 82,038.20 पर खुला। खुलते ही इसमें बिकवाली हावी हो गई। सुबह शुरुआत के बाद यह 726.90 अंक की गिरावट लेकर 81,449.55 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 28 कंपनियों के शेयर लाल निशान में थे। जबकि केवल इंडसइंड बैंक और एशियन पेंट्स हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंजका निफ्टी-50 भी गिरावट के साथ 24,956.65 पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद यह 233.80 अंक गिरकर 24,767.35 पर कारोबार कर रहा था। वहीं मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स में 455 अंक की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 455.37 अंक या 0.56 प्रतिशत उछलकर 82,176.45 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 148 अंक या 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,001.15 पर आ गया। वहीं एशियाई बाजारों में मंगलवार को मिलाजुला रुख रहा। निवेशकों ने यूरोपीय संघ के आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ टालने के ट्रम्प के फैसले पर विचार किया। जापान का निक्केई 0.15 प्रतिशत नीचे था। जबकि ब्रोडर टॉपिक्स इंडेक्स स्थिर था। कोस्पी 0.32 प्रतिशत फिसला। यह सोमवार को तीन महीने के उच्चतम स्तर से नीचे फिसल गया। वहीं, एएसएक्स 200 ट्रेंड के उलट 0.16 प्रतिशत बढ़ा। सोमवार को मेमोरियल डे के कारण अमेरिकी बाजार बंद रहे। लेकिन ट्रम्प के टैरिफ में देरी के बाद फ्यूचर्स में उछाल आया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज से जुड़े फ्यूचर्स में 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एसएंडपी 500 फ्यूचर्स में 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और नैस्डैक 100 फ्यूचर्स में 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे पहले शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 0.67 प्रतिशत नीचे बंद हुआ, डौ जोन्स 0.61 प्रतिशत नीचे रहा और नैस्डैक 1 प्रतिशत नीचे आया।

**सेबी ने एमसीएक्स पर लगाया 25 लाख का जुर्माना**

**नई दिल्ली, (ए.)।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सॉफ्टवेयर सेवाओं के लिए भुगतान के संबंध में अपर्याप्त खुलासे के लिए मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एमसीएक्स) पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। सेबी ने अपने आदेश में कहा कि जुर्माना राशि 45 दिन के भीतर जमा कर दी जानी चाहिए। यह मामला ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर अनुबंध के लिए 63 मून्स टेक्नोलॉजीज को किए गए भुगतान के संबंध में खुलासा चूक से संबंधित है। एमसीएक्स ने 2003 में 63 मून्स टेक्नोलॉजीज के साथ एक ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर अनुबंध किया था। उस समय 63 मून्स के ही पास एमसीएक्स का पूर्ण स्वामित्व था। वर्ष 2020 में एमसीएक्स ने एक नए ट्रेडिंग मंच पर जाने का फैसला किया और इसका अनुबंध टीसीएस को दिया था। हालांकि, समय पर यह मंच नहीं शुरू हो पाने से एमसीएक्स ने 63 मून्स के साथ ही अधिक लागत पर सेवाओं का



चीन में थाइलैंड की मिंक नुटकैरुट विश्व महिला स्नूकर चैम्पियनशिप में खेलती हुई।

## स्कूटर सुजुकी ई-एक्सेस जल्द होगा लॉन्च

**नई दिल्ली, (ए.)।** सुजुकी मोटरसाइकल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर सुजुकी ई-एक्सेस जल्द ही भारतीय बाजार में लॉन्च किया जाएगा। इस स्कूटर का प्रोडक्शन गुरुग्राम प्लांट में शुरू हो चुका है। इसमें बैटरी पैक 3.07केडब्ल्यूएच लिथियम आयरन फॉस्फेट का होगा जिसकी रेंज (सिंगल चार्ज) 95 किमी तक होगी। इसका चार्जिंग टाइम 0-100 प्रतिशत तक 7 घंटे से कम होगा। मोटर पावर 4.1 केडब्ल्यूएच, टॉर्क 15एनएम तथा टॉप स्पीड 71केएमपीएच होगी। इसकी बैटरी फिक्स्ड, स्वैपेबल नहीं है। इसकी ब्रेक लगाते वक्त बैटरी चार्ज होती है, इसको कम मेंटेनेंस की जरूरत होती है। इसकी डिजाइन स्पोर्टी और फ्यूचरिस्टिक है और कलर ऑप्शन में 3 डुअल-टोन विकल्प है। इसके लाइट्स फुल एलईडी (हेडलैंप और टेललैंप) है, इसमें स्मार्टफोन कनेक्टिविटी नेविगेशन और ट्रैफिक अलर्ट की सुविधा दी गई है। कंपनी सुजुकी चाहती है कि उसके सभी डीलर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पूरी तरह तैयार हों। इसके लिए डीलरों को तकनीकी ट्रेनिंग दी जा रही है। आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर और टूल्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# सुरक्षित निवेश के साथ-साथ कई तरह की सुविधाएं देता हैं फिक्स्ड डिपॉजिट

**मुंबई, (ए.)।** आमतौर पर सामान्य भारतीय सुरक्षित निवेश के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में निवेश करते हैं। एफडी की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें एक निश्चित रिटर्न मिलता है और आपका पैसा भी सुरक्षित रहता है। लेकिन एफडी में निवेश करने के कई और फायदे भी हैं। एफडी कराकर आप अपने लिए हर महीने कमाई का भी इंतजाम कर सकते हैं।

इस खबर में हम आपकों को एफडी के कई फायदे के बारे में बात रहे

1. एफडी में आपका पैसा हमेशी सुरक्षित रहेगा। यहां जमा राशि पर 5 लाख रुपए तक की बीमा सुविधा मिलती है। इसका मतलब यह हुआ है कि अगर किसी कंडीशन में बैंक डिफॉल्ट कर जाए या बंद हो जाए तब आपके 5 लाख रुपए पर सरकार की गारंटी होगी। यानी डिफॉल्ट केस में भी 5 लाख रुपए आपको मिल जाएंगे।

2. एफडी का दूसरा सबसे बड़ा फायदा यह है कि आपको निवेश की शुरुआत में ही बता दिया जाता है कि मैच्योरिटी पर आपको कितना फायदा होगा। इसकारण इसमें कोई जोखिम नहीं है। किसी भी स्थिति में न उससे ज्यादा पैसा मिलता है और न ही कम। ये बात एफडी को फाइनेंशियल प्लानिंग के लिए एक बेहतरीन टूल बनाती है।

3. अगर आपको पैसों की जरूरत पड़ती है, तब आप एफडी पर लोन ले सकते हैं। सहूलियत के अनुसार आप इसका भुगतान कर सकते हैं। सेबी की वेब साइट पर दी जानकारी के अनुसार आप एफडी की वैल्यू का 95 प्रतिशत तक लोन ले सकते हैं।

उदाहरण के लिए अगर आपकी एफडी की कीमत 1.5 लाख रुपए है, तब आपको 1 लाख 35 हजार रुपए लोन मिल सकता है। अगर आप ऋष्ठ पर लोन लेते हैं, तब आपको एफडी पर मिलने वाले ब्याज से 1 प्रतिशत ज्यादा ब्याज देना होगा। जैसे मान लीजिए कि आपकी एफडी पर 7 प्रतिशत ब्याज मिल रहा है, तब आपको 8 प्रतिशत की ब्याज दर पर लोन मिल सकता है।

4. एफडी कराकर अपने लिए हर महीने कमाई का भी इंतजाम कर सकते हैं। एसबीआई और एक्सिस बैंक सहित देश के कई प्रमुख बैंक अपने फिक?स?ड डिपॉजिट स्कीम के साथ मंथली इनकम स?कीम की सुविधा निवेशकों को ऑफर कर रहे हैं। अगर आप रिटायरमेंट के बाद या इससे पहले ही मंथली इनकम की तलाश में हैं, तब मंथली फिक?स?ड डिपॉजिट इनकम या मंथली इंटरेस्ट पेआउट एफडी का विकल्प चुन सकते हैं।

मान लीजिए अगर आप 7 प्रतिशत के सालाना ब्याज पर 5 लाख रुपए की एफडी 1 साल के लिए कराते हैं, तब आपको इस पर कुल 35,000 रुपए तैयार ब्याज मिलेगा।

# कार खरीदने की प्रक्रिया को आसान बनाया एआई ने

**नई दिल्ली, (ए.)।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने लोगों के लिए कार खरीदने की प्रक्रिया को भी काफी आसान और सुलभ कर दिया है। दरअसल, एआई ग्राहकों को बेहतर और ज्यादा पर्सनलाइज्ड एक्सपीरियंस देने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह पूरी प्रक्रिया को पहले से कहीं ज्यादा सुविधाजनक, कुशल और पारदर्शी बना सकता है। काफी सारी ऑटोमोबाइल कंपनी ने एआई और चैटबोट पर काफी काम किया है और लोगों के लिए कार खरीदने के अनुभव को काफी आसान बना दिया है। अब घर बैठे कार बुक करा सकते हैं और डिलीवरी आपके घर पर हो जाती है। आइए, आज जानते हैं कि कार खरीदने में एआई कैसे मददगार साबित होता है। कार खरीदने से पहले लोग शोरूम जाकर टेस्ट ड्राइव लेते हैं, जहां सेल्स एग्जिक्यूटिव ग्राहकों को कार के लुक-फीचर्स और पावर-परफॉर्मेंस से जुड़ी सारी जानकारी देता है। अब एआई की मदद से यह काम काफी आसान हो गया है। चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट लोगों को सारे सवालों का जवाब देते हैं। लोग अपने घर बैठे ही अलग-अलग कारों की वर्चुअल टेस्ट ड्राइव ले सकते हैं, जिससे आपको कार के इंटीरियर, फीचर्स और ड्राइविंग डायनैमिक्स का एक्सपीरियंस मिल सकता है। एआई -पावर्ड उपकरण आपको कार को अलग-अलग कलर, ट्रिम्स और एक्सेसरीज के साथ कॉन्फिगर करने की अनुमति देते हैं और आप रियल टाइम में देख सकते हैं कि यह कैसी दिखेगी। इससे ग्राहकों को फैसला लेने में आसानी होती है। वर्चुअल शोरूम 24/7 उपलब्ध होते हैं। बता दें कि आजकल काफी सारे ग्राहक कार खरीदते समय फाइनैंसिंग विकल्प अपनाते हैं। ऐसे में एआई फाइनैंसिंग प्रोसेस को फास्ट और ज्यादा पर्सनलाइज्ड बना सकता है।

एआई कार बायर की क्रेडिट हिस्ट्री, फाइनैंशियल कंडिशन और प्राथमिकताओं का विश्लेषण करके पर्सनलाइज्ड लोन टर्म्स के बारे में बताता है। एआई -पावर्ड प्लैटफॉर्म अक्सर तत्काल लोन अप्रूव कराने में मदद करते हैं। एआई कागजी कार्रवाई को स्वचालित करके और लोन अप्रूवल टाइम को कम करके डीलरशिप की एफिसिएंसी में सुधार कर सकता है। बता दें कि एआई कार खरीदने की प्रक्रिया में पारदर्शिता और उचित मूल्य निर्धारण लाने में मदद करता है। दरअसल, ग्राहक अक्सर कन्फ्यूज होते हैं कि उन्हें अपने बजट में कौन-कौन सी कार मिल सकती है। एआई एल्गोरिदम मार्केट डेटा (जैसे कार का मॉडल, साल, माइलेज, स्थिति और स्थान) का विश्लेषण करके एक इस्तेमाल की हुई कार के लिए या एक नई कार के लिए सबसे सही प्राइस का सुझाव दे सकते हैं। एआई धोखाधड़ी वाली लिस्टिंग का पता लगाने और वाहन के इतिहास का विश्लेषण करने में भी मदद कर सकता है। मालूम हो कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल आजकल हर क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा है और ऐसे में लोग अपने स्मार्टफोन से ही काफी सारा काम कर ले रहे हैं।



लीवरपूल में पीमियर लीग फुटबॉल में जीत के बाद बस में विक्टरी परेड निकालकर जश्न मनाते हुए।

## हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेल पाने से हारे : पंड्या

**जयपुर, (ए.)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने पंजाब किंग्स के खिलाफ अंतिम लीग मैच में मिली हार पर निराशा जतायी है। पंड्या ने कहा कि इस मैच में हमने करीब 20 रन कम बनाये जिससे मैच हमारे हाथ से निकल गया। इस मैच मे मुम्बई ने सूर्यकुमार के अर्धशतक की सहायता से 184 रन बनाए थे पर पंजाब के प्रियांश और जोश इंग्लिस ने अर्धशतक लगाकर मैच पलट दिया। । पंड्या ने कहा कि विकेट जिस तरह से खेल रहा था, हम निश्चित रूप से 20 रन कम बना पाये थे। खेल में ऐसा होता ही है, हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं कर पाने से हारे हैं। आईपीएल ऐसा ही है, हमने 5 ट्रॉफ़ी जीती हैं, यह हमेशा ही कठिन रहा है। जब भी आप गति कम करते हैं, तो दूसरी टीमें हावी हो जाती है। हार्दिक ने कहा कि इस मैच से हमें सीख मिली है कि नॉकआउट मुकाबले के लिए हमें तैयार रहना है। हार्दिक ने कहा कि हम बाद में इस पर बात करेंगे कि कहां गलती हुई है हालांकिहम निश्चित रूप से 20 रन कम बना पाये थे। हम शुरुआत में या बीच में इसका लभा उठा सकते थे, हम इसका पता लगा लेंगे।

# शुभमन के लिए इंग्लैंड दौरे में कप्तानी आसान नहीं होगी: पुजारा

**नई दिल्ली, (ए.)।** पूरी टेस्ट क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि नये कप्तान शुभमन गिल के लिए इंग्लैंड दौरा आसान नहीं होगा। पुजारा ने कहा कि इंग्लैंड के अलग हालातों में अगर वह भारतीय टीम को जीत दिलाने में सफल रहे तो इससे उनका और टीम का मनोबल काफी बढ़ जाएगा जिससे लाभ आगे भी होगा। रोहित शर्मा और विराट कोहली के अचानक संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन को मिली है। पुजारा ने कहा, जब आप कप्तान के तौर पर विदेश जाते हैं, तो चाहे आप युवा हों या परिपक्व, यह चुनौतीपूर्ण होगा। इंग्लैंड में शुरुआत करना आसान नहीं होता है पर यह एक युवा खिलाड़ी के लिए शानदार अवसर है। अगर वह इंग्लैंड में अच्छी कप्तानी करते हैं तो इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।



पुजारा ने कहा, उन्हें अनुभवी जसप्रीत बुमराह से पहले यह जिम्मेदारी इसलिए दी गई है क्योंकि बुमराह काम के बोझ और फिटनेस की परेशानियों के कारण सभी पांच टेस्ट मैच नहीं खेल पाएंगे। उन्होंने कहा, ''इसलिए अगर ऐसे में युवा शुभमन को जिम्मेदारी दी गई है तो टीम प्रबंधन और चयनकर्ता चाहेंगे कि वह लंबे समय तक टीम की कप्तानी करें।''

उन्होंने शुभमन को कप्तानी और बल्लेबाजी को अलग रखने को कह। उन्होंने कहा, बल्लेबाज के तौर पर भी उन पर काफी जिम्मेदारी रहेगी पर मुझे भरोसा है कि जिस तरह की प्रतिभा उनमें है, वह इंग्लैंड में सफल होंगे। यह निश्चित रूप से उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। मुझे नहीं पता कि कप्तान होने के नाते वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाएंगे या नहीं पर एक बल्लेबाज के तौर पर उन्होंने हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के प्रयास किये हैं। वह हमेशा ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं, ऐसे में उनपर कप्तानी का दबाव आने की संभावना नहीं है।

पुजारा ने कहा, जब आप उच्चतम स्तर पर बल्लेबाज के रूप में खेल रहे होते हैं तो आप कभी यह नहीं सोचते कि आप कप्तान हैं या खिलाड़ी, आप हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। आपको इसे अलग रखना होगा, जब आप मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर रहे हों तो आपको कप्तानी के बारे में सोचने के बजाय बल्लेबाज के रूप में सोचना होगा।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि उनकी बल्लेबाजी का तरीका बदलेगा, उन्हें उसी तरह बल्लेबाजी करनी होगी जैसे वह बल्लेबाजी करते हैं। वह एक आक्रामक खिलाड़ी हैं, उन्हें अपने शॉट खेलना पसंद है और उन्हें अपने शॉट खेलना जारी रखना होगा, लेकिन साथ ही उन्हें इंग्लैंड की परिस्थितियों को समझने और यह पता लगाने की जरूरत है कि कौन सा गेंदबाज सही है।पुजारा ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के खराब फॉर्म के बावजूद उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए उपकप्तान नियुक्त करने को भी सही ठहराया। उन्होंने कहा, बुमराह कप्तान या उप-कप्तान की भूमिका की दौड़ से बाहर हैं और यही कारण है कि पंत को उप-कप्तानी दी गई है। उन्होंने कहा, वह टी-20 प्रारूप में फॉर्म में नहीं हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में वह सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। इंग्लैंड में उनका रिकॉर्ड अतीत में काफी अच्छा रहा है और वह उन शानदार पारियों को दोहराने में सक्षम हैं।

पुजारा चाहते हैं कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल सलामी बल्लेबाज के रूप में बने रहें, जबकि अगले स्थान के लिए करुण नायर और अभिमन्यु ईश्वरन को रखा जाये।

# सूर्यकुमार मुम्बई की ओर से एक सत्र में सबसे ज्यादा रन और छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने

**जयपुर, (ए.)।** मुंबई इंडियंस के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में अपने आक्रामक अर्धशतक के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। सूर्या ने इस मैच में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसी केसाथ ही सूर्या मुम्बई की ओर से एक सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं। सूर्या ने इसी मैच में श्रीलंकाई बल्लेबाज सनथ जयसूर्या के मुंबई की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकार्ड भी तोड़ दिया। सूर्यकुमार ने अब तक 14 मैचों में 640 रन बनाये हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सचिन के नाम था, जिन्होंने साल 2010 में मुम्बई की ओर से 618 रन बनाए थे। सूर्यकुमार ने साल 2023 सत्र में 605 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के लेंडल सिमंस ने साल 2015 में 540 रन बनाए थे। वहीं रोहित शर्मा ने 2013 सत्र में 538 रन बनाये थे। इस सत्र में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी सूर्यकुमार के नाम है। उन्होंने 2025 सत्र में अब तक 14 बार 25 से अधिक रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड केन विलियमसन के नाम था, जिन्होंने साल 2018 में 13 बार यह रिकार्ड बनाया था। वहीं शुभमन गिल ने साल 2023 सत्र में 13 बार 25 से अधिक रन बनाये थे।





अब टी20 क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा बार 25 से अधिक रन बनाने का रिकार्ड सूर्यकुमार के नाम है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के तेम्बा बावुमा के लगातार 13 बार 25 से अधिक रनों का रिकॉर्ड्स तोड़ा। इसके अलावा सूर्यकुमार ने इस सत्र में सबसे अधिक छक्के लगाये। सूर्यकुमार ने अब तक 32 छक्के लगाये हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनथ जयसूर्या के नाम था, जिन्होंने साल 2008 में 31 छक्के लगाए थे। वहीं तीसरे स्थान पर ईशान किशन हैं, जिन्होंने 2020 में 30 छक्के लगाये थे।

# शुभमन को कप्तानी बनाये जाने पर सहवाग ने उठाये सवाल

**मुम्बई, (ए.)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अगले माह होने वाने इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल को भारतीय टीम का कप्तान बनाये जाने को जहां कई पूर्व क्रिकेटरों ने सही बताया है। वहीं कई दिग्गजों ने इसपर सवाल उठाये हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद सभी को उम्मीद थी कि अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कप्तानी दी जाएगी पर चयन समिति ने शुभमन को कप्तान बना दिया। इसी को पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने गलत बताया है। सहवाग ने कहा कि शुभमन गिल के अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए टेस्ट टीम में उनकी जगह तक नहीं बनती फिर भी उन्हें कप्तानी दे दी गयी।



सहवाग ने कहा, वह दूसरा सबसे अच्छा विकल्प था पर जो प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठता, उसे कप्तान कैसे बनाया जा सकता है? इसलिए मुझे लगता है कि यहां तर्क यह था कि उन्होंने देखा कि दूसरा सबसे अच्छा विकल्प कौन था, और वह शुभमन थे और ऐसा ही हुआ। सहवाग हालांकि बुमराह को अतिरिक्त जिम्मेदारी न देने के लिए चयनकर्ताओं से सहमत नजर आये थे।

वहीं पूर्व क्रिकेट मनोज तिवारी ने कहा , एक सीरीज के लिए बुमराह ठीक हैं पर लंबे समय के विकल्प के रूप में आपको यह जानने की जरूरत है कि अगर भारत एक साल में 10 टेस्ट खेलता है, तो क्या वह खिलाड़ी उन सभी मैचों में खेल पाएगा? या वह कितने मैच खेल सकता है? कप्तान चुनने में यह एक प्रमुख कारक है। इसलिए मुझे लगता है कि शुभमन को कप्तान बनाने का यह सही निर्णय था क्योंकि उन्हें लगा कि वे बुमराह पर इतना दबाव नहीं डाल सकते। तिवारी ने कहा कि गिल दूसरे सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वह ऋषभ पंत हैं, और गिल तीसरे सर्वश्रेष्ठ हैं।

सहवाग ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में क्रांति लाने और विराट कोहली के बाद आधुनिक समय के दर्शकों के लिए इसे मनोरंजक बनाने के लिए ऋषभ पंत की प्रशंसा की। सहवाग ने यह भी व्यक्त किया कि अगर पंत अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटते हैं तो उन्हें भविष्य में संभावित कप्तान के रूप में पेश किया जा सकता है। सहवाग ने कहा, ऋषभ ने टेस्ट क्रिकेट के लिए जो किया, वह किसी और खिलाड़ी ने नहीं किया। विराट कोहली के बाद अगर कोई एक खिलाड़ी है जिसने प्रशंसकों को टेस्ट क्रिकेट देखने के लिए मजबूर किया है, तो वह पंत है। लेकिन क्योंकि वह दुर्घटना का शिकार हुआ, चोटिल हो गया और फिर वापस आया, इसलिए उसका उतना प्रभाव नहीं पड़ा जितना पड़ना चाहिये था इसलिए उसे उप-कप्तान बनाया गया, ऐसे में अगर वह फॉर्म में वापस आ जाता है, तो वे भविष्य में उसे कप्तान बनाया जा सकता है।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया के प्रयासों से गुना-बेंगलुरु के लिए नई सीधी ट्रेन को मंजूरी

## अब गुना, अशोकनगर व शिवपुरी देश के आईटी हब बेंगलुरु से जुड़ेगा: सिंधिया



**शिवपुरी ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से सीधी गुना से बेंगलुरु के लिए नई रेलगाड़ी को मंजूरी मिल गई है। यह ग्वालियर-चंबल अंचल की जनता के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है। शीघ्र ही गुना से बेंगलुरु के लिए सीधी रेल सेवा प्रारंभ की जाएगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस संबंध में पत्र जारी कर गाड़ी संख्या 11085/11086 सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु-ग्वालियर (वाया गुना) के परिचालन को स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय केंद्रीय संचार मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के सतत प्रयासों और मांगों के परिणामस्वरूप लिया गया है। सिंधिया ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि गुना लोकसभा क्षेत्र के लगभग 25त्न युवा तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर बेंगलुरु में कार्यरत हैं। अशोकनगर, शिवपुरी और गुना जिलों से हर सप्ताह सैकड़ों युवा आईटी और संबंधित क्षेत्रों में काम के लिए बेंगलुरु की यात्रा करते हैं।

**अब नहीं करनी होगी भोपाल, बीना या ग्वालियर की अतिरिक्त यात्रा**

वर्तमान में उन्हें बीना, भोपाल या ग्वालियर जाकर ट्रेन पकडऩी पड़ती है, जिससे उनकी यात्रा में 8ङ्क10 घंटे का अतिरिक्त समय लग जाता है। अपने पत्र में श्री सिंधिया ने यह भी उल्लेख किया था कि इस क्षेत्र की लगभग 40 लाख की आबादी के लिए ग्वालियर से होकर कोटा अथवा बीना की ओर ही रेल मार्ग उपलब्ध है, जिससे सीधे संपर्क की कमी है। प्रस्तावित नई सीधी रेल सेवा इस कमी को दूर करेगी और गुना, अशोकनगर व शिवपुरी जिलों को देश के आईटी हब बेंगलुरु से सीधे जोड़ेगी।

**सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु से ग्वालियर के लिए सीधी रेलगाड़ी**

रेल मंत्री श्री वैष्णव ने अपने पत्र में लिखा है-आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरु से ग्वालियर वाया गुना के लिए गाड़ी संख्या 11085/11086 के परिचालन को स्वीकृति दी गई है। यह सीधी रेल सेवा गुना क्षेत्र के लोगों के लिए न केवल यात्रा को सहज बनाएगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही, आईटी और बीपीओ कंपनियों के लिए गुना जैसे उभरते क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। यह रेल सेवा क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए विकास की दिशा में एक सार्थक और ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगी।

**सिंधिया ने जताया केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना-बेंगलुरु के बीच शुरू हुई रेलगाड़ी के परिचालन के लिए केंद्रीय रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि - मेरे विशेष अनुरोध पर गुना से बेंगलुरु के लिए नई रेलगाड़ी के परिचालन को मंजूरी प्रदान करने के लिए रेल मंत्रालय का हार्दिक धन्यवाद। ग्वालियर-चंबल के यात्रियों द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही मांग को पूरा करने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। गुना क्षेत्र के यात्री विशेषकर बेंगलुरु में कार्यरत मेरे युवा साथी जल्द ही इस रेल सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

# गद्दी हड़पने के लिए किन्नर मुखिया आशा की हत्या, घर में मिला शव

## पुलिस ने दो साथी किन्नर और एक युवक को हिरासत में लिया



**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा कस्बे में गुप्तेश्वर महादेव मार्ग पर स्थित किन्नर समाज की मुखिया आशा किन्नर की उनके ही घर में गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में दो साथी किन्नर आंचल और नैना तथा एक ढोल बजाने वाले युवक को हिरासत में लिया है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि गद्दी हड़पने और लूट करने के उद्देश्य से यह हत्या की गई है। मृतिका के घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में तीन आरोपी दिखाई दे रहे हैं जो कार से आशा मुखिया के घर पर आए थे। मौके पर पहुंची चांदनी किन्नर ने हत्या के इस मामले में खुलकर नैना और आंचल पर आरोप लगाया है तथा कहा है कि पूरी घटना घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हुई है। चांदनी का कहना है कि पहले दोनों आरोपी किन्नर कमाई में हिस्सा मांगते थे। बाद में वह आशा किन्नर के साथ रहकर काम करने लगे थे। घटना स्थल पर सबसे पहले पहुंचने वाले स्थानीय निवासी दिलशाद ने बताया कि आशा का शव उसके घर के कमरे में पलंग पर पड़ा हुआ था तथा घर के दरबाजे खुले हुए थे। जबकि आशा हमेशा अपने घर के दरबाजे बंद रखती थी और किसी परिचित के आने पर ही दरबाजा खोलती थी। आशा किन्नर करैरा क्षेत्र की किन्नर समाज की मुखिया थीं। वो जल्द ही अपनी गद्दी किसी योग्य शिष्या को सौंपने वाली थीं। वह करैरा में गुप्तेश्वर मार्ग पर रहती थी। पहले उसके साथ अन्य किन्नर भी रहते थे बाद में वह अकेली वहां रहने लगी थी। आज सुबह जब मोहल्ले बाले सोकर उठे तो उन्होंने देखा कि आशा किन्नर के घर के दरवाजे खुले हुए थे। इस पर उन्होंने जब भीतर जाकर देखा तो आशा पलंग पर बेसुध अवस्था में पड़ी हुई थी और ऐसा लग रहा था कि उनकी मौत हो गई। इस पर मोहल्ले वालों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और उसने देखा कि आशा किन्नर के गले पर चोट के निशान हैं और उनकी मृत्यु हो चुकी है। घटना की सूचना मिलने के बाद किन्नर आदि का वहां पहुंचना शुरू हो गया। गुरु की हत्या की सूचना मिलते ही दतिया के बड़ौनी से करैरा पहुंची रूबी किन्नर ने नैना किन्नर और आंचल किन्नर पर हत्या का आरोप लगाया। उनका कहना है कि पैसों और गद्दी के लालच में इन दोनों ने साजिश रचकर गुरु आशा की हत्या की है। करैरा पुलिस को जांच के दौरान आशा किन्नर के मकान से सीसीटीवी फुटेज भी मिला है, जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति नजर आ रहे हैं।

**इनका कहना है**

रूबी किन्नर की शिकायत पर हत्या की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। संदेही नैना और आंचल किन्नर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी और बयान के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

**विनोद छावई, टीआई करैरा**

# सूचना पर पहुंची टीम, समझाया तो परिजनों ने बाल विवाह रोका



**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा तहसील के छितरी गांव में 16 वर्ष 9 माह की बालिका के बाल विवाह की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सीहोर एवं पुलिस दल, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश देकर बाल विवाह रुकवाया।स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थिति रहीं। टीम ने पहुंचकर बाल विवाह रुकवाया। बालिका के आयु प्रमाण पत्रों को देखने के बाद जब यह स्पस्ट हुआ कि बालिका की आयु 18 वर्ष से कम है,तब परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणाम और बाल विवाह निषेध कानून के प्रावधानों की जानकारी दी गई। काफी समझाने के बाद परिजनों ने बालिका की उम्र पूरी होने के बाद ही विवाह करने का लिखित आस्वासन दिया है। मौके पर पंचनामा भी बनाया गया। परियोजना अधिकारी ने बताया कि 18 वर्ष से पहले लड़की का तथा 21 वर्ष की आयु से पहले लड़के का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। बाल विवाह में वर बधू के परिजनों के अलावा उसमे सहयोग करने वाले, सेवा प्रदाता, उसमें शामिल होने वाले लोगों को भी दोषी माना गया है। कानून में 2 साल की सजा तथा एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग ने आमजन से अपील की है यदि आपको किसी बाल विवाह की जानकारी हो तो उसकी सूचना चाइल्ड लाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 या कंट्रोल रूम नंबर 07492356963 पर सूचना देकर बच्चों के विकास में सहभागी बन सकते है।

# देवी अहिल्याबाई होल्कर की भव्य शोभा यात्रा 31 मई को



पुण्य श्लोक देवी अहिल्या बाई होल्कर

**शिवपुरी ब्यूरो।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती शिवपुरी में धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर होल्कर सेना शिवपुरी द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी काली माता मंदिर से प्रारम्भ होकर मानस भवन पहुंचेगी। शिवपुरी होलकर सेना के जिला अध्यक्ष पंकज पाल ने बताया कि प्रतिवर्ष शिवपुरी में देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती होलकर सेना के तत्वाधान में पाल बघेल समाज द्वारा धूमधाम से मनाई जाती है। इस वर्ष भी होलकर सेना द्वारा माता अहिल्याबाई की भव्य शोभा यात्रा 31 मई को सुबह 10 से निकाली जाएगी जो काली माता मंदिर से प्रारम्भ होकर झांसी तिराहा, गुरुद्वारा चौक, माधव चौक, कोर्ट रोड़, अस्पताल चौराहा होते हुए मानस भवन पहुंचेगी। होलकर सेना के पदाधिकारी शोभायात्रा को भव्य बनाने लिए गांव गांव एब शहर में लोगों से संपर्क कर शिवपुरी आने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। होलकर सेना ने सभी समाज बन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर देवी अहिल्याबाई होलकर की शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

# युवती ने महिला पार्षद के घर में घुसकर दोनों पर पेट्रोल डालकर लगा दी आग

## आग लगाने वाली महिला की हालत गंभीर, दोनों महिलाऐं अस्पताल में भर्ती, पार्षद के पति ने किया बीचबचाव



**शिवपुरी ब्यूरो।** आज सुबह वार्ड क्रमांक 27 की भाजपा पार्षद सुमन राजू बाथम के घर में घुसकर एक महिला ने पार्षद सुमन पर पहले पेट्रोल डालकर आग लगा दी और फिर पेट्रोल अपने शरीर पर भी छिड़क कर स्वयं को आग के हवाले कर दिया। घर में पार्षद के पति राजू बाथम भी मौजूद थे। जिन्होंने बीच बचाव की कोशिश की लेकिन आग से रानी नामदेव गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि पार्षद सुमन बाथम का चेहरा व हाथ झुलस गया। दोनों महिलाओं को गंभीर हालत में इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल फिर रानी नामदेव को मेडीकल कॉलेज में रैफर किया गया है। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि घटना का कारण क्या है? लेकिन अपुष्ट सूत्रों और सोशल मीडिया में इस घटना में प्रेम प्रसंग का कारण बताया जा रहा है। यह पता नहीं चल सका कि रानी नामदेव ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया है।

वार्ड क्रमांक 27 की पार्षद सुमन बाथम नगर पालिका चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विजयीं हुई थी वाद में वह भाजपा में शामिल हो गई थी। पार्षद पद का अधिकांश कार्यभार उनके पति भाजपा नेता राजू बाथम ही संभालते हैं। आज सुबह करौंदी निवासी महिला रानी नामदेव पार्षद सुमन राजू बाथम के घर पर पहुंची। वह चिल्लाते हुए घर में घुसी उस समय पार्षद किचिन में चाय बना रही थीं। युवती की आवाज सुनकर सुमन बाथम चौक में आई इस पर रानी नामदेव ने गुस्साए अंदाज में अपने पास मौजूद बोतल का ढक्कन खोलकर उसमें मौजूद पेट्रोल को पार्षद के शरीर पर उड़ेल दिया और माचिस से तीली निकाल कर आग लगा दी। इसके बाद रानी नामदेव ने बोतल में मौजूद पूरा पेट्रोल अपने शरीर पर डाल दिया और अपने शरीर को भी आग के हवाले कर दिया। आग लगने से पार्षद सुमन बाथम का चेहरा और हाथ झुलस गया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से पूरा परिवार सकते में आ गया और चीख पुकार मच गई। शोर होता देख कॉलोनी के लोग भी वहां एकत्रित हो गए और आग से झुलसी दोनों महिलाओं को बचाने की जुगत में लग गए। किसी तरह आग को बुझाया गया लेकिन इस आगजनी में पार्षद सुमन बाथम और रानी नामदेव झुलस गई। जिन्हें तुरंत ही अस्पताल भर्ती कराया गया।

# शिवपुरी के माफिया ने 10 दिन में दो जेसीबी से 5 बीघा पहाड़ खोदा, बेच डाली 35 ट्रॉली मुरम



**शिवपुरी ब्यूरो।** हीरापुर गांव में एक किसान परिवार शादी में 10 दिन के लिए बाहर चला गया। इधर माफिया ने 2 जेसीबी व 35 से ज्यादा ट्रैक्टर-ट्रॉली उतारकर सरकारी पहाड़ खोदकर मुरम बेचना शुरू कर दिया। किसान लौटा तो पहाड़ गायब मिला। माफिया ने किसान के खेत को रास्ते के रूप में इस्तेमाल कर रौंद डाला। किसान ने इसकी शिकायत मुख्य सचिव व मुख्यमंत्री से की है। किसान ने बताया... मैं 10 दिन के लिए गांव से बाहर गया था, लौटकर आया तब तक माफिया ने पूरा खेत खोद डाला हीरापुर निवासी किसान जयप्रकाश सिंह चौहान ने बताया गांव में सरकारी सर्वे नंबर 265 पर मुरम का पहाड़ है। 8 मई को वह रिश्तेदार की शादी में गांव से बाहर गया था। 17 मई की शाम को गांव लौटा। 18 मई को सुबह अपने खेत देखने पहुंचा तो मौके पर दो जेसीबी मशीन सर्वे नंबर 265 में मुरम खोदती मिलीं। मेरे खेत (सर्वे नंबर 265/5) से जाने का रास्ता है, जिसे माफियाओं ने पूरी तरह खोद दिया। उन्हें अवैध उत्खनन से रोका किसान जयप्रकाश ने तहसीलदार, एसडीएम के बाद जनसुनवाई में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से ईमेल पर शिकायत की है। किसान का कहना है कि दो जेसीबी में से एक? विजेराम लोधी की है। मौके पर कल्लन लोधी, विजयराम लोधी, मकरंद लोधी, करतार लोधी, रामनरेश लोधी, जीतू लोधी, अरविंद लोधी के ट्रैक्टर मौजूद थे। शिकायत के साथ वीडियो-फोटो भी अटैच किए हैं।

**मामले की जांच करवाएंगे**

सरकारी जमीन पर जिन लोगों ने पहाड़ से मुरम उत्खनन किया है, उन्हें चिह्नित करेंगे। तहसीलदार को हीरापुर गांव भेजकर जांच करवाएंगे। अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

**रवींद्र कुमार चौधरी, कलेक्टर शिवपुरी**

## बिना अनुमति सार्वजनिक स्थानों एवं रेस्टोरेंट पर शराब पीने वालों पर आबकारी विभाग की कार्रवाई, 8 प्रकरण किए दर्ज

**शिवपुरी।** जिले में अवैध मदिरा की बिक्री एवं सार्वजनिक स्थान पर मद्यपान पर रोकथाम के लिए कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा सतत् कार्यवाही के निर्देश आबकारी अमले को दिए हैं। निर्देशों के पालन में म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अवैध मदिरा धारण, परिवहन, चौर्यनयन एवं विक्रय के विरूद्ध टीम द्वारा कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार गुप्ता के निर्देशन में आबकारी वृत्त प्रभारी राहुल गुप्ता द्वारा अपनी टीम के साथ पोहरी एवं शिवपुरी में दबिश देकर सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते मिले युवकों पर शिवपुरी आबकारी ने मप्र आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 36(बी) के 8 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गए हैं। आबकारी वृत्त प्रभारी शिवपुरी, आबकारी आरक्षकों की टीम ने यह कार्यवाही की है।

# विश्व माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन की कार्यशाला का हुआ आयोजन



**धौलपुर ब्यूरो।** विश्व माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन की जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में नगर परिषद सभागार में आयोजन किया। कार्यशाला का शुभारंभ सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग जयप्रकाश निराणिया द्वारा करते हुए विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की एवं अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत सत्कार किया। कार्यशाला में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ द्वारा ग्रामीण इलाकों में माहवारी सम्बन्धी जागरूकता पर बल दिया तथा ग्राम साथिनो को पंचायत स्तर पर बैठने की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। साथ ही विभागीय योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 30 ग्राम साथिनों एवं मंचासीन अतिथियों को प्रमाण पत्र एवं दैनिक डायरी देकर सम्मानित किया। कार्यशाला के दौरान डॉ. चित्रा बसंल द्वारा माहवारी से सम्बन्धित बीमारियों एवं उनके उपचार आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. नीति गुप्ता द्वारा माहवारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों एवं एनीमिया सम्बन्धित जानकारी प्रदान की तथा डॉ. निर्मला सिंह द्वारा माहवारी के दौरान पोषण इत्यादि की आवश्यकता पर बल दिया। नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह द्वारा महिलाओं को अपने स्तर पर जागरूकता लाने तथा माहवारी स्वच्छता व स्वास्थ्य के बारे में उद्बोधन देकर लाभान्वित किया। कार्यशाला में विभागीय योजनाओं को दर्शित करने वाली दैनिक डायरी एवं पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग धीरेन्द्र सिंह, कॉलेज की छात्राएं व ग्रामीण महिलाओं सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यशाला में 5 वर्ष की बालिका का जन्मोत्सव मनाया गया। मंच संचालन सहायक लेखाधिकारी मांगीलाल आर्य ने किया।

# 'एक दिन की सीईओ बनी नेहा - बालिका शिक्षा और संविधानिक चेतना का प्रेरणास्रोत'

**धौलपुर ब्यूरो।** चन्द्रज्योति अभियान के तहत ÷एक दिन की सीईओ÷ बनने का अवसर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पचगांव की कक्षा 11वीं की छात्रा नेहा को प्राप्त हुआ। यह अवसर उसे भारतीय संविधान पर आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में विजेता स्थान प्राप्त करने पर मिला, जिसमें जिलेभर के रोल प्ले विजेता विद्यार्थियों ने भाग लिया था। नेहा ने जिला परिषद कार्यालय का दौरा किया और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ के साथ दिनभर प्रशासनिक गतिविधियों का अनुभव लिया। उन्होंने राजीविका स्वयं सहायता समूह की बैठक में भाग लेकर महिलाओं की समस्याएं सुनीं, उनके आत्मविश्वास और समूहों के नवाचारों को समझा। साथ ही, टीम के अन्य सदस्यों से संवाद कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी ली। मुख्य कार्यकारी अधिकारी नेहा से संवाद किया और उसके आत्मविश्वास, दृष्टिकोण और नेतृत्व कौशल की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस पहल ने नेहा को न केवल संविधान की व्यवहारिक समझ दी, बल्कि उसके भीतर देश सेवा का सपना और अधिक सशक्त किया। चन्द्रज्योति अभियान का उद्देश्य बाल संसद के माध्यम से संविधानिक जागरूकता को विद्यार्थियों के जीवन में आत्मसात करना है। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आंदोलन है॰ जो शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन और विद्यालयों के सहयोग से गाँव-गाँव तक पहुँच रहा हैं। इस अवसर पर भूपेश गर्ग, मंगेश, चन्द्रज्योति अभियान टीम शिक्षक अरूण कुमार, रूपम शर्मा, भाई अरूण और जिला परिषद के अधिकारी उपस्थित रहें।

# अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को किराए पर रहकर अध्ययन पर दिए जाएंगे 2 हजार रुपये प्रतिमाह

**धौलपुर ब्यूरो।** अम्बेडकर डीबीटी योजनान्तर्गत राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर राजकीय महाविद्यालयों में घर से दूर किराए पर कमरा लेकर अध्ययनरत छात्रों को 2 हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएगें। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र जिला मुख्यालय पर संचालित समस्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के राजकीय महाविद्यालयों के केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रम कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय में अध्ययनरत केवल बालक छात्र जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये तक हो और वह घर से दूर रहकर अन्य स्थान पर कमरा किराए पर लेकर अध्ययन करते है उनके लिए आवास, भोजन, एवं बिजली-पानी सुविधाओं के पुनर्भरण राशि के रूप में अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजनान्तर्गत दो हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएगें। उन्होंने बताया कि अधिकारी के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

# भाजपा महिला पार्षद और एक अन्य महिला के बीच विवाद, दोनों में लगी आग

## एक महिला 20 प्रतिशत तो दूसरी 95 प्रतिशत झुलसी

**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी में विवाद के दौरान भड़की आग से बीजेपी की महिला पार्षद और एक अन्य महिला बुरी तरह झुलस गई। पार्षद (वार्ड-27) सुमन बाथम 20 प्रतिशत तक झुलसी हैं और खतरे से बाहर हैं। वहीं, न्यू दर्पण कॉलोनी की रहने वाली रानी नामदेव करीब डेढ़ मिनट तक जलती रही। वो करीब 95 प्रतिशत झुलस गई हैं। दोनों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज शिवपुरी भेजा गया, जहां से रानी को ग्वालियर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक रानी नामदेव ऑटो रिक्शा से पार्षद सुमन बाथम के घर पहुंची थी। दोनों के बीच किसी पुराने विवाद को लेकर बहस हो रही थी। दोनों के बीच झड़प हुई। इसी दौरान अचानक आग भड़क उठी।



जिसकी चपेट में दोनों महिलाएं आ गईं। पार्षद सुमन बाथम जलते हुए भागी। शोर सुनकर परिवार के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। पेट्रोल से आग फैलने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, यह अभी साफ नहीं है कि पेट्रोल कहां से आया और आग कैसे लगी। घटना के समय पार्षद सुमन बाथम के पति राजू बाथम घर पर ही मौजूद थे। उन्होंने बताया कि मैं कमरे में सो रहा था, बाहर क्या हुआ मुझे इसकी जानकारी नहीं है। वहीं, फिजिकल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। एसआई देवराज सिंह ने बताया कि जांच चल रही है। घटना में गंभीर रूप से झुलसी रानी नामदेव अभी बयान देने की हालत में नहीं हैं। उसका परिवार भी ग्वालियर में उसके साथ है। रानी के बयान के बाद ही घटना की असली वजह सामने आएगी। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। रानी नामदेव हाउसवाइफ है। उसका पति ऑटो चालक है। सूत्रों के मुताबिक रानी और पार्षद पति राजू के बीच पिछले 15 सालों से दोस्ती है।

राजू ने ऑटो दिलाने और एक बेटी की शादी में मदद की थी। रानी का पति के साथ मंगलवार की शाम विवाद हुआ था। इसके बाद बुधवार सुबह रानी पार्षद के घर पहुंची थी।

## ब्लैक आउट ड्रिल गुरुवार को 9 बजे से, ब्लैक आउट के दौरान अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों की लाइट बंद रखने की अपील

**धौलपुर ब्यूरो।** गृह मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार ऑपरेशन शील्ड योजना के अन्तर्गत जिले में 29 मई को रात्रि 9 बजे से 9.15 बजे ब्लैक आउट किया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट एवं कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने जिले के समस्त आमजन से अपील की है कि राष्ट्रहित के मद्देनजर धौलपुर शहर में 29 मई को रात्रि 9 बजे से 9.15 बजे तक सायरन बजने के दौरान स्वेच्छा से अपने-अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों की लाईट बंद रखे एवं मोबाइल टॉर्च एवं अन्य प्रकाश उत्पन्न करने वाले उपकरणों का उपयोग नहीं करें।

# वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**धौलपुर ब्यूरो।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सशक्तिकरण पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना के मुख्य आतिथ्य में मयूरी मूक बाधिर विद्यालय औड़ेला रोड़ पर किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि द्वारा 3 वृद्धजन को कान की मशीन, 2 वृद्धजन को छड़ी वितरित की गई। कार्यशाला में आयुर्वेद, चिकित्सा, पुलिस, बैंक विभाग एवं जिला प्रशासन के प्रतिनिधि सहित 50 वृद्धजन उपस्थित रहे।

# समुचित प्राधिकारी की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट की बैठक संपन्न

## बैठक में 05 बिन्दुओं पर सदस्यों ने सहमति दी




**मुरैना,कांस।** शासन के निर्धारित बिन्दुओं के अनुसार कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में 28 मई को समुचित प्राधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पीसीपीएनडीटी एक्ट के समस्त सदस्यों ने 05 बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इस अवसर पर पीसीपीएनडीटी एक्ट के नोडल अधिकारी श्री आनंद बंसल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गजेन्द्र सिंह कुशवाह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन बंसल, सदस्य श्रीमती उजमा सुल्ताना, महिला बाल विकास विभाग से श्रीमती निशा, श्री देवेन्द्र भदौरिया, सुश्री आशा सिकरवार और सदस्य श्री नीरज सिंघल उपस्थित थे। बैठक में संचालिका रतन सोनोग्राफी मिश्रा हॉस्पीटल मुरैना डॉ. शालिनी मिश्रा आई.व्ही.एफ सेंटर में अल्ट्रसाउण्ड मशीन के इनवेजिव प्रायोजन हेतु प्रस्तुत अनुमति, डॉ. पूनम गुप्ता संचालिका अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिक, विद्यावती नर्सिंग होम गायत्री कालोनी मुरैना की तकनीकी समस्या के कारण पंजीयन नवीनीकरण न होने से प्रस्तुत ऑफलाईन आवेदन पर पुर्नविचार, डॉ. अम्बर मित्तल स्त्री रोग विशेषज्ञ एनजीडी अल्ट्रासाउण्ड एवं डायग्नोस्टिक क्लीनिक वार्ड नम्बर 24 पुराना चुंगी नाका, रघुवंश हॉस्पीटल मुरैना के नवीन पंजीयन हेतु आवेदन, डॉ. निशांत यादव रेडियोलोजिस्ट अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिक ग्लोबल पेथलेब एवं डायग्नोस्टिक सेंटर शिक्षा नगर रोड़ नेहरू वार्ड मुरैना के नवीन पंजीयन हेतु आवेदन, और डॉ. रेखारानी गोयल डीजीओ (महिला चिकित्सा अधिकारी) एनएचएम सिविल अस्पताल सबलगढ़ द्वारा सिविल अस्पताल सबलगढ पर संचालित अल्ट्रासाउण्ड मशीन संचालन की अनुमति के बिन्दु समिति के समक्ष रखे। बैठक में सर्वसमत्ति से पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत क्रमशः बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की और नियमानुसार निर्णय लेने की सदस्यों ने सहमति प्रदान की।

# समाजसेवी बसंत बंसल ने राममंदिर पर लगवाया वाटरकूलर

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** शहर के युवा व्यवसायी,समाजसेवी,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष श्री बसंत बंसल द्वारा सबलगढ़ अंचल के नागरिकों को भीषण गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए राम मंदिर चौराहा पर 150 लीटर क्षमता का वाटरकूलर लगवाया गया है। उल्लेखनीय है कि शहर में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों के लिए न तो कहीं छाया का प्रबंध है और न ही शीतल पेयजल का।आपको बता दें कि शहर में सड़क किनारे लगे करीब 150 हरेभरे वृक्ष सड़क चौड़ीकरण के नाम पर सड़क निर्माण एजेंसी द्वारा काट दिए गए थे,तब से रोड चौड़ीकरण तो नहीं हुआ किंतु लोगों को गर्मी से राहत देने वाले वृक्षों की हत्या हो गई।इन वृक्षों के नीचे राहगीर शीतल छाया का लाभ लेते थे किंतु पेड़ कटने के बाद अब शहर में राहगीरों को सिर छुपाने के लिए कोई जगह नहीं बची है। इन हालातों में जब बसंत बंसल जैसे समाजसेवी आगे आकर शीतल



पेयजल उपलब्ध कराने की चिंता करते हैं तब लगता है कि मानवता अभी जिंदा है।

# ग्राम पंचायत सेमई में सरपंच का चुनाव सम्पन्न, लालसिंह धाकड़ सरपंच निर्वाचित





**कैलारस।** कैलारस जनपद की ग्राम पंचायत सेमई में पूर्व में निर्वाचित सरपंच अशोक शर्मा का हाई कोर्ट ने तथ्य छुपाने को लेकर चुनाव दिनांक 03 04 2025 को शून्य घोषित कर दिया इसकी याचिका ग्राम के ही सुल्तानसिंह धाकड़ ने लगाई थी सरपंच का चुनाव शून्य घोषित होने के उपरांत ग्राम पंचायत के सरपंच का आज निर्वाचन अधिकारी नायब तहसीलदार टी एस लकड़ा के द्वारा पंचों के द्वारा कार्यवाहक सरपंच का चुनाव कराया जिसमें दो अभ्यर्थियों ने इस पद पर दावेदारी कर फॉर्म भरे जिसमें लाल सिंह धाकड़ एवं लक्ष्मी नारायण रहे कुल 18 पंचों ने मतदान में हिस्सा लिया जिसमें से लाल सिंह धाकड़ को 14 मत मिले वही लक्ष्मीनारायण को 4 मत मिले मतदान के उपरांत मतगणना की गई और निर्वाचन अधिकारी द्वारा लाल सिंह धाकड़ को कार्यवाहक सरपंच पद पर विजय घोषित कर प्रमाण पत्र प्रदान किया मतदान के दौरान पुलिस बल की तैनाती की गई और शांति पूर्ण मतदान संपन्न कराया गया।

# पुलिस ने दोहरे हत्या काण्ड का 30 घंटे में किया खुलासा, हत्यारे हथियार सहित गिरफ्तार





**मुरैना,कांस।** जिले के सिहोनिया थानान्तर्गत घटित हुए दोहरे अंधे कत्ल का खुलासा पुलिस ने 30 घंटे में कर दो हत्यारो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त हथियार एवं वाहन जप्त किया है। दोहरे अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ ने पत्रकारो को बताया कि विगत दिवस मिरघान निवासी विश्वनाथ सिंह भदौरिया ने पुलिस को बताया कि दिनांक 26 मई 2025 को सुबह 7.30 बजे उसके भाई बंटी भदौरिया की गाडी में किसी अज्ञात वाहन द्धारा कट मारकर गोपी की तरफ भाग गए है। जिसके उपरांत वह व उसका पुत्र सौरभ उर्फ भोला भदौरिया उसका भाई एवं अन्य साथी अज्ञात वाहन का पीछा करते हुए भाई खाँ का पुरा सिहोनिया पहुँचे जहाँ उक्त वाहन को रोककर वाहन चालक एवं कार में सवार लोगो से बात चीत करने पर कार में सवार युवको ने फायरिंग कर बंटी भदौरिया एवं सौरभ भदौरिया को गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए एवं आईजी,डीआईजी चम्बल रेंज के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ने एएसपी के निर्देशन में अलग-अलग टीम गठित कर हत्यारो का पता लगाने के लिए लगा दी। और सायबर सैल के माध्यम से शहर के कई सीसीटीव्ही खंगालने पर गाडी का नम्बर एवं उसमें सवार लोगों की पहचान कर सतत प्रयासो एवं कडी मेहनत के फलस्वरूप 28 मई 2025 को मुखबिर की सूचना पर से दोहरे हत्या काण्ड को अंजाम देने वाले आरोपी वीरू उर्फ वीरपाल शुक्ला पुत्र महावीर शुक्ला निवासी ग्राम सांठो थाना नगरा हाल पोरसा एवं गोविन्दा पुत्र पप्पू खटीक निवासी लफ्डे वाली गली, अटेर रोड पोरसा को सांगोली तिराहे से गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर बताया कि वे चोरी का डीजल बेचने का धंध करते है। उक्त दिनांक को जब वे खडियार डीजल बेचने जा रहे थे कि उसी समय जल्दबाजी में उनकी गाडी एक बेगनार से टकरा गई जिसके उपरांत हमारी गाडी रोकने का प्रयास किया गया तो आरोपियो के द्धारा फायरिंग की गई जिसमें दो लोगों की मोत हो गई। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त आरोपियो की निशानदेही पर 315 बोर के 2 कट्टे ए क जिन्दा राउण्ड,3 खाली खोखे घटना में प्रयुक्त् कार क्रमांक एमपी15 सीए 7299 को जप्त किया गया। पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह डाबर, डीएसपी मुख्यालय विजय सिंह भदौरिया, थाना प्रभारी दीपेन्द्र यादव, थाना प्रभारी दिमनी शशि कुमार, सायबर सेल प्रभारी अभिषेक जादौन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# पहाड़गढ़ रोड़ पर दोनों ओर बनेगा नाला, जल भराव की समस्या का होगा निदान

## एक करोड़ अड़सठ लाख की लागत से छः माह में बनकर तैयार होगा सीसी नाला





**कैलारस।** बुधवार को दोपहर के समय सीसी नाला निर्माण का भूमि पूजन किया हैं। भूमि पूजन क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने किया। यह सीसी नाला एमएस रोड़ से लेकर पहाड़गढ़ रोड़ स्थित नहर की पुलिया तक होगा। नाला निर्माण से सैकड़ो घरो में होने वाले जल भराव की समस्या का समाधान होगा। भूमि पूजन में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण एवं भाजपा नेता सहित सैकड़ो नागरिक मौजूद रहे हैं। कैलारस में नगर परिषद के द्वारा एक करोड़ अड़सठ लाख की लागत से बनने वाले सीसी नाले का भूमि पूजन किया गया है। यह भूमि पूजन कैलारस अनाज मंडी गेट के सामने किया गया। जिसमें मुख्य अथिति क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से सभी के स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम में नगर की अध्यक्ष अंजना ब्रजेश बंसल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा, कि स्वक्रष्ट के द्वारा सड़क निर्माण किया गया लेकिन नाला नहीं बनाया। जिसकी बजह से पहाड़गढ़ रोड़ पर निवास करने वाले वार्ड 13, 14, 15 के लोग परेशान थे। समस्या के समाधान को कई वार पत्र लिखें लेकिन कुछ समाधान नहीं हुआ अब चुकी शहर की जिम्मेदारी मेरी हैं इसलिए अब नाला निर्माण नगर परिषद के द्वारा कराया ज़ा रहा हैं जिसका आज भूमि पूजन हैं ओर यह छः माह में बनकर तैयार हो जाएगा। लोगो की समस्या का समाधान भी होगा। वही कार्यक्रम में सांसद ने संबोधित करते हुए कहा की नाला निर्माण से जल भराव की समस्या का समाधान होगा। यह नाला एमएस रोड़ से लेकर पहाड़गढ़ रोड़ स्थित नहर की पुलिया तक दोनों ओर नाला बनाया जाएगा, वही कार्यक्रम में उपस्थित जनता ने जाम की समस्या से निजात दिलाने वाई पास की भी मांग रखी, जिसपर सांसद ने बताया की यह समस्या जल्द ही समाधन होगी। इस पर वरिष्ठ नेतृत्व का पूर्ण ध्यान हैं। कार्यक्रम में नाला निर्माण हेतु पंडित के द्वारा विधिविधान से पूजन कराया गया। उक्त कार्यक्रम में मंच संचालन भाजपा नेता ब्रजेश बंसल ने किया। उक्त कार्य का भूमि पूजन मुख्य अतिथि शिवमंगल सिंह तोमर (सांसद मुरैना श्योपुर) अंजना बृजेश बंसल अध्यक्ष नगर परिषद कैलारस, सीमा अशोक राणावत उपाध्यक्ष नगर परिषद कैलारस, कुलदीप भदौरिया, अंकुर त्यागी, दिलीप धाकड़, अरविंद सिंह सिकरवार, सियाराम सिंह सिकरवार, रामहेत धाकड़, बनवारीलाल शुक्ला, मातादीन सर्राफ, ब्रजेश बंसल, अशोक राणावत, दिनेश हरदेनिया, पूरन शिवहरे, कल्लू कुशवाह, रविन्द्र राठौर पार्षदगण, हरीविलाश धाकड़, रामजीलाल धाकड़,जीत प्रजापति, वीरेंद्र बसेड़िया, फकरुद्दीन खान, मुकेश धाकड़, शैलेंद्र सिंह सिकरवार, केशव पाराशर, कोमल शुक्ला, हेमंत धाकड़, छोटू सर्राफ, शिब्बो हंसपुरा वाले, दिनेश गोयनर, राजा गोयनर, राजू जिंदल, गिर्राज गर्ग, रामजीलाल गर्ग, अनूप गर्ग, दुर्गेश गौड़, सुरेश गोइल मुख्य नगर पालिका अधिकारी संदीप त्यागी उपयंत्री नगर परिषद कैलारस एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

# सीतापुर बस्ती में नाली नहीं होने से नागरिक परेशान

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** शहर के नगरपालिका वार्ड 11 में सीतापुर बस्ती ओमगार्डन वाली गली में बालाजी मंदिर के पास में नाली न होने से नागरिक,कीचड़ युक्त मार्ग से निकलने को मजबूर है। इस मार्ग में बारिश में अत्यधिक परेशानी आती है, तथा नाली न होने से बीच सड़क पर पानी भर जाता है।यह पानी एक खाली प्लॉट मैं एकत्र हो रहा है। जिससे मच्छर भी पनप रहे हैं। इस जल भराव के कारण आवागमन में भी समस्या बनी रहती है। और गंदगी से घर घर बीमारियां फैल रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार नगरपालिका में आवेदन देने के बाद व सी एम हेल्पलाइन लगाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका



है।नागरिकों ने जनसुनवाई में भी एसडीएम को आवेदन देकर समस्या के निदान की मांग की है।

# मेंटीनेंश कार्य के कारण 29 मई को चार फीडरों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर जोन प्रबंधक ने बताया कि 33 केव्ही सिटी हॉस्पीटल पर मेंटीनेश कार्य होने के कारण 11 केव्ही के 04 फीडरों की विद्युत सप्लाई 29 मई को प्रातः 07 से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी। जिसमें पुलिस लाइन फीडर से पुलिस लाइन, संजू डिस्क वाला चौराह, जफर गली, शिकारपुर रोड़, संजय कॉलोनी, जीवाराम की बाउंड्री, दुर्गापुरी कॉलोनी, कपूरा का भट्टा वाले क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार विवेकानंद फीडर से नाला नंबर 02, विवेकानंद कॉलोनी, भोलेनाथ कॉलोनी, उत्तम पैलेस वाला क्षेत्र, आरएन पब्लिक स्कूल वाला क्षेत्र, राधिका पैलेस की आगे वाला क्षेत्र बंद रहेगा। गणेशपुरा फीडर से नंबर 02 स्कूल, छात्रावास, माल गोदाम रोड़, सीताराम बंदूक वाली गली, टीएसएस कॉलेज वाला क्षेत्र, ओवरब्रिज, चौबे वाली गली और कब्रिस्तान फीडर से मॉडल स्कूल, नाला नंबर 02, नाऊपुरा, कब्रिस्तान रोड़, आयशा मस्जिद, हीरामन मंदिर वाला क्षेत्र, नेकाडी डीपी वाले क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार दत्तपुरा जोन से 29 मई को सुबह 07 से दोपहर 12 बजे तक न्यू फाटक फीडर, काशीपुरा फीडर, माता मंदिर फीडर, तुस्सीपुरा और पॉलीटेक्निक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहल्लों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान

## वितरिका 22 एल पर जंगल सफाई का कार्य किया



**मुरैना,कांस।** जल संसाधन संभाग मुरैना के कार्यपालन यंत्री के नेतृत्व में 27 मई को ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' 2025 के तहत वितरिका 22 एल पर जंगल सफाई का कार्य किया गया। जिसमें जल संसाधन एबीसी उपसंभाग क्रमांक 3 मुरैना के अनुविभागीय अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह गुर्जर, उपयंत्री श्री एसके टुण्डेलकर, कु. शिवानी तोमर और विभागीय मैदानी कर्मचारियों द्वारा 22 एल के हेड पर जंगल सफाई का कार्य जनभागीदारी, जन सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों ने भी श्रमदान किया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम 29 मई से 12 जून तक, अभियान का शुभारंभ 29 मई से प्रारंभ होगा

**मुरैना,कांस।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की पहल पर विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 (29 मई से 12 जून 2025 तक) किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 29 मई को मुरैना विकासखण्ड के सिरमिती गॉव में जिले के जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जायेगा। इसके साथ ही इसी दिन मुरैना, अम्बाह, पोरसा, विकासखण्डों के तीन-तीन गॉवों में टीमों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर कृषकों को तकनीकी जानकारी दी जायेगी। अन्य विकासखण्डों में इसी क्रम में अगले 15 दिन में अभियान का संचालन किया जायेगा। इस अभियान के सुचारू आयोजन हेतु जिला स्तर पर कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में सम्बंधित विभागों की इस अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक की गई थी। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रूप रेखा तैयार करने के साथ ही जिला स्तर पर टीमों का चयन कर दिनांकवार टीमों के मार्गो का चयन किया जा चुका है। इस कार्यक्रम में मुरैना जिले के सातों विकासखण्डों के लगभग 135 ग्रामों में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों के साथ कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्याानिकी विभाग, कृषि अभियांत्रिकी विभाग, मत्स्य विभाग जिले के प्रगतिशील कृषक एफ.पी.ओ., स्व-सहायता समूह के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों को समसामायिक जानकारी दी जायेगी। साथ ही कृषि, उद्यानिकी विभाग के तहत केन्द्र व राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं, उन्नत कृषि तकनीक, बीजो एवं किसानों द्वारा किये जाने वाले नवाचार की जानकारी दी जायेगी।

# अलग-अलग अज्ञात वाहनो की टक्कर से दो की मौत

**मुरैना,कांस।** जिले के सिविल लाइन एवं पोरसा थाना क्षेत्रो में अज्ञात वाहनो की टक्कर से दो लोगो की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र के क्वारी नदी के पुल के पास जा रहे दीपक उर्फ दीपू पुत्र प्रकाश कुशवाह उम्र 25 साल को अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसी प्रकार पोरसा थाना क्षेत्र के पचपेडा के पास अम्बाह रोड पोरसा बाइक से जा रहे सुरेश सिंह पुत्र राय सिंह सखवार उम्र 32 साल निवासी हीरापुरा थाना गोरमी जिला भिण्ड की बाइक में अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी इन्द्रजीत पुत्र निहाल सिंह सखवार की रिपोर्ट पर से आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# एक महिला सहित दो फांसी पर झूले

**मुरैना,कांस।** जिले के सुमावली एवं महुआ थाना क्षेत्रो में एक महिला सहित दो ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुमावली थानान्तर्गत आने वाले ग्राम लोह बसई में निवास करने वाले सोनू पुत्र गप्पा कडेरा उम्र 30 साल ने अज्ञात कारणो के चलते गॉव में खडे नींम के पेड से फांसी का फन्दा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इसी प्रकार महुआ थाना क्षेत्र में निवास करने वाली महिला राधा पुत्री मोहर सिंह सखवार उम्र 30 निवासी कचनौधा ने अपने घर पर फांसी का फन्दा लगाकर लटक गई जिससे उसकी मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने मौके पर पहुँच कर शव का मौका पंचनामा बनाकर शवो का पीएम कराकर उन्हें उनके परिजनो को सौपकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# शराब के लिए पैसे न देने पर मारपीट

**मुरैना,कांस।** कैलारस थाना क्षेत्र में शराब के लिए पैसे न देने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सिमरौदा निवासी रामशंकर पु. जगदीश प्रसाद शर्मा ग्राम लाडपुरा की नहर के पास अपने भाई मनोज के साथ जा रहा था कि उसी समय गॉव के बॉबी शर्मा, पवन शर्मा एवं आशू शर्मा ने फरियादी से शराब के लिए पैसे मांगे जब पीडित ने शराब के लिए पैसे देने से मना कर दिया तो आरोपियो उनकी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर से आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# (सफलता की कहानी)

## स्वावलंबी महिला सशक्त राष्ट्र, महिलायों को शिक्षित करने के लिए अभियान चला रही समाजसेविका हेमा अग्रवाल

**मुरैना,कांस।** लुहारगली मुरैना निवासी समाजसेविका श्रीमती हेमा अग्रवाल कहती है कि आगे आने वाले समय में नारीशक्ति को सशक्त बनाने ,पढ़ने-लिखने व उनकी मदद के लिये ''नारीशक्ति दल'' सदैव महिलाओं के साथ है। समाजसेविका श्रीमती हेमा अग्रवाल बताती हैं कि वह विगत 15 वर्षो से नारीशक्ति दल की संभागीय अध्यक्ष है। उनके द्वारा मुरैना जिले के आस-पास महिला जाग्रति के लिये अनेकों प्रोग्राम किये हैं। जिसमें कई महिलाओं की उनके द्वारा मदद की गई है। महिला सशक्त बने इसके लिये उन्?होंने कैंप लगाकर अवेयरनेस का कार्य किया।उनके टाइकंडो जैसे खेल के कैंप भी लगवाये गये जिसमें स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण भी दिलाये। उनके द्वारा कई शहरी एवं ग्रामीण महिलाओं की पारिवारिक परिस्थितियों को सुना जाता है जो घर गृहस्थी के क्लेश के कारण अपनी व्यथायें सुनाती हैं। कई महिलायें आर्थिक तंगी के रूप में आगे नहीं बढ़ पाती हैं उन्हें भी उनके द्वारा परामर्श दिया जाता है । श्रीमती हेमा अग्रवाल बताती है कि कई परिवारों में घरेलू हिंसा चरम पर थी किंतु उनके द्वारा महिलाओं और उनके परिवार को समझाइश दी गई,तो परिवारों ने भी समझ कर हिंसा जैसी घटनाओं की परिवार में कमी आई है।कई महिलायें ब्लड डॉनेशन करने में आगे नहीं आती थीं। जब श्रीमती हेमा ने उन्हें ब्लड डॉनेशन के फायदे बताए तब महिलायें भी आगे आकर ब्लड डॉनेशन कर रही हैं।



श्रीमती अग्रवाल द्वारा स्कूल कॉलेजों में लड़कियों में गुड टच बैड टच अवेयरनेस फैलाने के लिये कैंप लगवाये गये। उन्हें प्रेरणा दी कि खुद के साथ गलत न होने दें,आवाज़ उठाये।श्रीमती हेमा ने युवा वर्ग को समझाइश देकर जागरूक भी किया। कई छात्राओं को उन्?होंने इंटरनेशनल लेवल तक आगे बढ़ने में मदद की है। महिलायें आगे बढ़ें,पढ़े लिखे इसके लिए श्रीमती हेमा हर संभव प्रयास कर रही है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद अम्बाह जिला मुरैना म.प्र.

क्रमांक/रा.शा./322 अम्बाह दिनांक-14/05/2025

## IInd ऑन लाईन ठेका ऑफर विज्ञप्ति

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि नगर पालिका परिषद अम्बाह द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि 1 जून 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिये नीचे दी गई सारणीनुसार मदनुसार वसूली ठेका दिये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा उच्चतम (ऑफर प्रस्ताव) ई निविदा वेवसाईट www.mptendras.gov.in पर इच्छुक ठेकेदार /ऐजेंसियो द्वारा उक्त ठेका हेतु आनलाईन निविदायें दिनांक 28.05.2025 तक साय 6:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक-30.05.2025 को साय 06 बजे से खोले जावेगे।

| क्र. | ठेके का नाम | ऑनलाईन टेण्डार आई नं. | ठेके की शासकीय बोली | ठेके की धरोहर राशि | निविदा ऑफर प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पशुलोडिंग-अनलोडिंग वसूली ठेका | 2025_UAD_423773_1 | 7,84,000 | 1,17,600/- | 2000/- रु. |
| 2. | बाजार वसूली ठेका | 2025_UAD_423773_2 | 9,17,000 | 1,37,500/- | 2000/- रु. |

**नियम व शर्ते -**

1- (Enovelope-A) मेन्डेटरी दस्तावेज एवं अन्य नियत दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

2- दर स्वीकृत होने पर ठेकदार द्वारा ठेके की संपूर्ण राशि 07 दिवस में जमा करनी होगी यदि ठेकेदार द्वारा ठेके की संपूर्ण राशि जमा नही की जाती है। तब जमा धरोहर राशि राजसात कर ऑफर प्रस्ताव की कार्यवाही पुन: की जावेगी

3- नगरीय सीमा अर्न्तगत शारिणी अनुसार ठेका अवधि 1 जून 2025 से 31 मार्च 2026 तक रहेगी।

4 - अन्य शर्तो कार्यालय की राजस्व शाखा मे देखी जा सकती है।

अंजली जिनेश जैन
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद अम्बाह

सुरेन्द्रदत्त शर्मा
प्रभारी राजस्व शाखा
नगर पालिका परिषद अम्बाह

शारिब कौसर
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अम्बाह

# पूरा देश मना रहा है देवी अहिल्याबाई का 300वां जन्म जयंती वर्ष - मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में सीएम की पाठशाला में छात्राओं से किया संवाद

## मुख्यमंत्री ने सुनाई महारानी दुर्गावती और देवी अहिल्याबाई की कहानी

## मुख्यमंत्री ने कहा - दोनों का जीवन संघर्षों से भरा रहा, फिर भी इन्होंने हार नहीं मानी

भोपाल ब्यूरो। ब्यूरो।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं है। राष्ट्र का हित सर्वोपरि है। भारत देश में महिलाएं तब भी सशक्त थीं, जब उन्हें कम अधिकार थे और आज भी उतनी ही सशक्त हैं, जब उन्हें सर्वाधिकार प्राप्त हैं। महारानी दुर्गावती और देवी अहिल्याबाई ने अपने साहस, शौर्य, पराक्रम और कौशल से न केवल शासन किया अपितु प्रशासन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में एक आदर्श प्रस्तुत किया। दोनों का जीवन आसान नहीं था, इनके जीवन में नाना प्रकार के संघर्ष थे, अवरोध थे, कठिनाईयां थीं, दुश्वारियां थीं, फिर भी इन्होंने हार नहीं मानी और अंततः सारी कठिनाईयों से लड़कर और जूझकर उन्होंने अपना मुकाम हासिल किया। यही वजह है कि आज हम इन्हें उनके पराक्रम के लिए जानते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भोपाल के महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्राओं से आत्मीय संवाद कर रहे थे।

### सीएम की पाठ्शाला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉलेज के फैशन टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट की छात्राओं से उनके क्लासरूम में %सीएम की पाठशाला% लगाई और सभी बेटियों से गुरूतुल्य व पितातुल्य संवाद किया। मुख्यमंत्री ने छात्राओं को मध्यप्रदेश की महारानी दुर्गावती और लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सम्पूर्ण जीवन वृतांत पर रोचकतापूर्वक प्रकाश डालकर छात्राओं का ज्ञान संवर्धन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्राओं के आल्हाद में सहभागी बनकर उनके साथ सेल्फी भी ली।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महारानी दुर्गावती ने अकबर की सेना के साथ लड़ाई की और अंततः खुद को न्यौछावर कर दिया। मुख्यमंत्री ने छात्राओं को बताया कि महारानी दुर्गावती ने जबलपुर में आधारताल, मदन महल बनाया। ऐसी जल संरचनाएं बनवाईं कि एक तालाब भरने के बाद अगला तालाब, उसके बाद उसके अगले तालाब में जल संरक्षण होता रहा। इससे प्रजा को जल संचयन की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि तकनीक के मामले में तब के शासक भी अग्रणी थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्राओं की रानी दुर्गावती की शौर्य गाथा विस्तार से बताते हुए कहा कि हमें इस बात का गर्व है कि वे मध्यप्रदेश की महारानी थीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई के बारे में छात्राओं को बताया कि उन्होंने अपने करीब 28 साल के शासन में देश को शासन व्यवस्था की एक नई परिभाषा सिखाई। उन्होंने जगह-जगह मंदिर बनवाए, घाट बनवाए, यात्रियों के लिए सराय (विश्राम गृह), अन्न क्षेत्र, तीर्थ क्षेत्र बनवाए। महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम करते हुए देवी अहिल्याबाई ने विधवा विवाह कराए। इससे वे तत्समय विधवाओं के जीवन में एक नया सवेरा लेकर आईं। उन्होंने सबके साथ समान रूप से न्याय किया। वे एक अच्छी बेटी, अच्छी बहु, अच्छी पत्नी के साथ एक ममतामयी मां भी थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्याबाई को न केवल उनके माता-पिता ने वरन् उनके सास-ससुर ने भी अपनी बेटी की तरह पाला था और अपने बेटे से बढ़कर देवी अहिल्याबाई को सत्ता के सूत्र सौंपे, शासन चलाने का प्रशिक्षण भी दिया। अहिल्याबाई ने जीवनपर्यंत नारी सशक्तिकरण के लिए काम किया। उन्होंने तत्कालीन महिलाओं को सशक्त बनाते हुए महेश्वरी साड़ी बनाने में कुशल बनाया। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनीं। महेश्वरी साड़ियां हमें देवी अहिल्याबाई की सौगात है। अहिल्याबाई ने अपनी सास गोतमाबाई से प्राप्त खासगी की रकम से कई मंदिर और घाट बनवाए। महेश्वर को अपनी राजधानी बनाई। वे सच्चे अर्थों में नारी सशक्तिकरण का एक आदर्श व्यक्तित्व थीं। उन्होंने देश को सिखाया कि मंदिर और तीर्थयात्रा सिर्फ पूजा के लिए नहीं होते, इससे पर्यटन बढ़ता है और पर्यटन व देशाटन से आंतरिक संबंध बनते हैं, इससे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा मिलता है।



# मुरार नदी के किनारे से हटाया अतिक्रमण

**ग्वालियर कांस** । मुरार नदी के किनारे बिना अनुमति के किए गए निर्माण कार्य को जिला प्रशासन के दल द्वारा हटाया गया। हुरावली चौराहे के समीप मुरार नदी के किनारे पर किए गए अतिक्रमण को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अतुल सिंह के नेतृत्व में प्रशासन एवं नगर निगम के संयुक्त दल द्वारा हटाया गया। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं निगम आयुक्त संघ प्रिय ने भी हुरावली चौराहे पर पहुँचकर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# महिला सशक्तिकरण का प्रेरणास्पद उदाहरण

## शहीद की पत्नी का जज्बा बना मिसाल

## श्रीमती रेखा सिंह बनीं लेफ्टिनेंट

## जहां पति हुए थे शहीद उसी गलवान में मिली पोस्टिंग

भोपाल ब्यूरो।



लद्दाख की गलवान घाटी में 15 जून 2020 को मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए शहीद श्री दीपक सिंह की पत्नी श्रीमती रेखा सिंह ने साहस, दृढ़ता और संकल्प का परिचय देते हुए भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर अपने पति के अधूरे सपने को साकार किया। श्रीमती रेखा सिंह की यह उपलब्धि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

रीवा जिले के ग्राम फरेदा निवासी श्रीमती रेखा सिंह का जीवन कठिनाइयों और संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने हर चुनौती का डटकर सामना किया। विवाह के मात्र 15 माह बाद उन्होंने अपने पति को खो दिया। शहीद श्री दीपक सिंह को मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश शासन द्वारा शहीद परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दी गई। इसके साथ ही श्रीमती रेखा सिंह को शिक्षाकर्मी वर्ग-दो के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। श्रीमती रेखा सिंह, जो विवाह पूर्व जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षिका थीं, ने पति की प्रेरणा से सेना में जाने का सपना देखा था। पति की शहादत के बाद उन्होंने इस सपने को अपनी प्रेरणा बना लिया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। पहले प्रयास में सफलता नहीं मिलने के बावजूद, दूसरे प्रयास में उनका चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ। चेन्नई में एक वर्ष का प्रशिक्षण पूर्ण कर उन्होंने सेना में अपनी सेवाएं प्रारंभ कीं। यह संयोग ही है कि उनकी पोस्टिंग उसी क्षेत्र में हुई है, जहां उनके पति देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए थे। श्रीमती रेखा सिंह कहती हैं कि मेरी ये सफलता इस क्षेत्र में आने का सपना देखने वाली हर एक नारीशक्ति को प्रेरणा देगा। उन्होंने बताया कि मैंने अपनी बहनों की हौसलाफजाई के लिए भी सेना ज्वाइन की है। इससे समाज में फैली रूढ़िवादिता को तोड़ने में भी मदद मिलेगी।

# बुंदेलखंड की प्यास बुझाएंगे अमृत सरोवर और खेत तालाब

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मेगा प्रोजेक्ट से सागर संभाग को मिलेगा लाभ

## फसलों की सिंचाई, पेयजल के लिए सहेजा जा सकेगा पर्याप्त पानी

भोपाल ब्यूरो।



**जल गंगा संवर्धन अभियान-2025**

जल गंगा संवर्धन अभियान लंबे समय से सूखा, जल संकट और पलायन का दंश झेल रहे बुंदेलखंड के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सौगात केन-बेतवा रिवर-लिंक परियोजना का बुंदेलखड में शुभारंभ हो चुका है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार के जल गंगा संवर्धन अभियान से हो रहे जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण से बुंदेलखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली है। यहां के किसानों को आने वाले समय में सिंचाई और पेयजल के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध रहेगा, साथ ही भूजल स्तर में भी वृद्धि होगी। यह संभव होगा अंचल में बनाए जा रहे 8 हजार से अधिक खेत-तालाब और 128 से अधिक अमृत सरोवरों के निर्माण से। इन जल संरचनाओं के पूर्ण होने से वर्षा जल सहेजा जा सकेगा। इससे अंचल के निवासियों को हर मौसम में पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता बनी रहेगी, साथ ही भूजल स्तर भी बढ़ेगा। पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता रहने से यहां के लोग मछली पालन और सब्जी की खेती भी कर सकेंगे। बुंदेलखंड के किसानों को सिंचाई और पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सागर संभाग के सागर, टीकमगढ़, पन्ना, निवाड़ी, छतरपुर और दमोह जिलों में खेत-तालाब और अमृत सरोवरों का निर्माण करा रहा है।

# जैन तीर्थ रक्षा अभियान वर्ष 2025 श्रवण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर सप्ताहका समापन

ग्वालियर।कांस



जैन मिलन महिला फालका बाजार द्वारा श्रवण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का लाल मंदिर श्री 1008 शांतिनाथ जिनालय फालका बाजार स्वर्ण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का समापन दिवस अत्यंत गरिमामयी, उत्साहपूर्ण और भावनात्मक रूप से स्मरणीय रहा। प्रात:काल भगवान शांतिनाथ जिनेंद्र का पूजन-अभिषेक एवं मंगल प्रार्थना के साथ दिन की शुभ शुरुआत हुई। इसके उपरांत शिविर में सम्मिलित सभी बच्चों की बालबोध भाग 1 शिक्षण परीक्षा संपन्न हुई। पूरे सप्ताह सीखी गई नैतिकता, अनुशासन, भक्ति, आचार-विचार एवं ज्ञान से संबंधित बातों का सुंदर प्रस्तुतीकरण बच्चों ने परीक्षा के माध्यम से किया।

महिलाओं के लिए भी तत्वार्थ सूत्र पर आधारित परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने गहरी श्रद्धा, ज्ञान और साधना का परिचय दिया। उनकी भागीदारी पूरे शिविर की गरिमा में वृद्धि करने वाली रही।

परीक्षा उपरांत सभी बच्चों और महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। बच्चों के चेहरे पर संतोष और गर्व की झलक दिखाई दी, वहीं महिलाओं में भी आत्मविश्वास और श्रद्धा का उत्साह झलका।शिविर में सांगानेर से पधारे पंडित हर्ष भैया का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने सरल और प्रभावशाली शैली में बच्चों एवं महिलाओं को धर्म, आचरण, वाणी संयम एवं नैतिक मूल्यों का बोध कराया। उनका स्वागत लाल मंदिर समिति के अध्यक्ष कुशलचंद जैन द्वारा अत्यंत सौजन्य और श्रद्धा के साथ किया गया।

# 'तंबाकू एक धीमा जहर-बचाव ही समझदारी' थीम पर मनाया जाएगा

## 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस

## प्रत्येक जिले में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

भोपाल ब्यूरो।

तंबाकू एक धीमा जहर है, इससे बचाव ही समझदारी थीम पर 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में तंबाकू व नशा विरोधी गतिविधियाँ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। जिनमें छात्रों, युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों तथा विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंणकर ने बताया कि इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम E&posing lies, protecting lives: Unmask the appeal of tobacco and nicotine products" पर आधारित कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रत्येक जिले में प्रभातफेरी, मैराथन, रंगोली, नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से समाज को तंबाकू के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा।

# एमपीसीए वेंडरों के बकाया भुगतान को तैयार, जीडीसीए से मांगी जानकारी

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन बीते वर्ष 6 अक्टूबर को भारत और बांग्लादेश के बीच हुये टी-20 मुकाबले में काम करने वाले वेंडरों के बकाया भुगतान के लिये अब तैयार हो गया है। एमपीसीए के सीईओ रोहित पंडित और कोषाध्यक्ष पवन जैन ने ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन से अब वेंडरों के बकाया भुगतान की जानकारी मांगी है और आश्वासन दिया है कि पेमेंट प्रक्रिया शीघ की जा रही हैं। ज्ञांतव्य है कि बीते दिवस 27 मई को सत्ता सुधार ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था और यहां यह उल्लेखनीय हैं कि गत वर्ष भारत और बांग्लादेश के टी-20 मैच को कराने के लिये एमपीसीए की जिम्मेदारी में जीडीसीए ने व्यवस्था में भरपूर सहयोग दिया था, ताकि ग्वालियर की प्रतिष्ठा कायम रहे। इसीलिये जीडीसीए ने विभिन्न कामों में सहयोग अपनी जिम्मेदारी पर वेंडरों से करा लिये थे, लेकिन एमपीसीए 8 माह बीत जाने के बाबजूद वेंडरों के भुगतान नहीं किये हैं, जिससे वेंडर अपने भुगतान को लेकर परेशान थे।



वेंडरों ने इस बाबत जीडीसीए अध्यक्ष प्रशांत मेहता, सचिव संजय आहूजा से भी बात की थी। अब इस मामले की जानकारी केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व जीडीसीए उपाध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया को लगी, तो उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी तलब की हैं। अब बताया जाता है कि मामला उठने पर एमपीसीए के पदाधिकारियों ने आनन फानन में वेंडरों के बकाया की जानकारी मंगा कर इसी सप्ताह भुगतान का आश्वासन दिया है।

# उप मुख्यमंत्री ने ओरछा में भगवान श्री रामराजा सरकार के किए दर्शन

**भोपाल ब्यूरो।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निवाड़ी जिले के अल्पप्रवास के दौरान ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी ओरछा में भगवान श्री रामराजा सरकार के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं निरंतर विकास की कामना की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भगवान श्री रामराजा सरकार आस्था, श्रद्धा और विश्वास के प्रतीक हैं। उनका आशीर्वाद हमें सेवा, समर्पण और सुशासन के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देता है। ओरछा की धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत पूरे देश में अद्वितीय है। विधायक निवाड़ी श्री अनिल जैन, कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़, पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, उपस्थित रहे।


## ग्वालियर-बनारस बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस एवं खजुराहो-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस का ओरछा स्टेशन पर प्रयोगात्मक ठहराव

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की विशेष सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी सं. 11107/11108 ग्वालियर-बनारस बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस एवं गाड़ी सं.19665/19666 खजुराहो-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस का **ओरछा स्टेशन** पर प्रयोगात्मक ठहराव दिये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| गाड़ी सं. | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | तिथि से प्रभावी: प्रारम्भिक स्टेशन से | तिथि से प्रभावी: ओरछा स्टेशन पर ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 11107 ग्वालियर-बनारस बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस | ओरछा | 23:00 | 23:02 | 30.05.25 | 30.05.25 |
| 11108 बनारस-ग्वालियर बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस | | 04:50 | 04:52 | 30.05.25 | 31.05.25 |
| 19665 खजुराहो-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस | | 13:00 | 13:02 | 30.05.25 | 30.05.25 |
| 19666 उदयपुर सिटी-खजुराहो एक्सप्रेस | | 14:23 | 14:25 | 29.05.25 | 30.05.25 |

गाड़ी सं. 11107 ग्वालियर-बनारस बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस का ओरछा स्टेशन पर ठहराव के कारण इस गाड़ी का निम्नलिखित स्टेशनों पर आगमन/प्रस्थान समय में संशोधन किया गया है:-

| गाड़ी सं. | स्टेशन | वर्तमान समय: आगमन | वर्तमान समय: प्रस्थान | संशोधित समय: आगमन | संशोधित समय: प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 11107 ग्वालियर-बनारस | निवाड़ी | 23:12 | 23:13 | 23:19 | 23:20 |
| | टेहरका | 23:26 | 23:27 | 23:33 | 23:34 |
| | मऊरानीपुर | 23:44 | 23:46 | 23:51 | 23:53 |
| | हरपालपुर | 00:04 | 00:06 | 00:11 | 00:13 |
| | बेलाताल | 00:24 | 00:25 | 00:31 | 00:32 |
| | कुलपहाड़ | 00:35 | 00:36 | 00:42 | 00:43 |
| | महोबा | 00:54 | 00:56 | 01:01 | 01:03 |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 929/25 (ADM)


# सीहोर जिले की बेटी कावेरी ने किया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और मध्यप्रदेश का नाम रोशन

## कैनोइंग एशियन चैंपियनशिप में ब्रांज और नेशनल चैंपियनशिप में जीते हैं 50 से अधिक मेडल

## अब इंडियन नेवी में ऑफिसर बन देश की सेवा कर रही है कावेरी

भोपाल ब्यूरो।



जीवन में कुछ करने का जज्बा हो और मन में दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो विपरीत परिस्थितियां भी आगे बढ़ने और मंजिल तक पहुंचने से नहीं रोक पाती। सीहोर जिले की भैरूंदा तहसील के एक छोटे से गांव मंडी की बेटी कावेरी ढ़ीमर एक ऐसी सफल बेटी है जिसने कठिन परिस्थितियों में हार नहीं मानी और खेल के क्षेत्र में न केवल अपना बल्कि प्रदेश और देश का नाम पूरी विश्व में रोशन किया है।

बेटी कावेरी ने अपनी मेहनत और कठिन संघर्ष से अपना नाम खेल के क्षेत्र में सुनहरे अक्षरों में अंकित करा दिया है। इतने कठिन संघर्ष और सफलता की कहानी शायद ही कभी किसी ने सुनी होगी। बेटी कावेरी ने कैनोइंग गेम्स में नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर 50 से ज्यादा मेडल जीते और देश का नाम रोशन किया। कावेरी ने एशियन चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल जीता है, इसके साथ ही नेशनल चैंपियनशिप में 45 गोल्ड, 6 सिल्वर और 3 ब्रांज मेडल अपने नाम किए हैं। मध्यप्रदेश की बेटी कावेरी जो कभी अपने पिता का कर्ज चुकाने के लिए नर्मदा में मछली पकड़ा करती थी, आज वही बेटी इंडियन नेवी में ऑफिसर है। वर्तमान में कावेरी इंडियन नेवी में एजीपीओ (पीटी) ऑफिसर के पद पर कार्य कर देश की सेवा कर रही हैं। कावेरी के परिवार में 11 सदस्य है, जिसमें माता-पिता सहित 7 बहनें एवं 2 भाई शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महंत अवैद्यनाथ जी महाराज की जयंती पर दी श्रृद्धांजलि

**भोपाल** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोरखनाथ मठ के पूर्व पीठाधीश्वर एवं पूर्व सांसद, परम पूज्य महंत अवैद्यनाथ जी महाराज की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया %एक्स% पर कहा कि अवैद्यनाथ जी महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन लोक कल्याण और सनातन संस्कृति की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उनके प्रखर विचार एवं कृतित्व युगों-युगों तक जनसेवा और समाज उत्थान के प्रयासों को सुदृढ़ता देते रहेंगे। महंत अवैद्यनाथ जी महाराज नाथ संप्रदाय के प्रमुख संतों में से एक थे। उन्होंने आध्यात्मिक पथ पर समाज का मार्गदर्शन कर जनसेवा की मिसाल पेश की।

# नमो ड्रोन दीदी योजना ने ग्रामीण महिलाओं को बनाया स्वावलंबी

**भोपाल ब्यूरो।** नमो ड्रोन दीदी योजना ने आज ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को एक नई उड़ान दे दी है। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं को तकनीक और सरकारी सहयोग से आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। इस योजना से महिलाओं के जीवन में वास्तविक परिवर्तन आ रहा है। एक कृषि सीजन में रीना चंदेल अर्जित कर रही 40 हजार से अधिक की आमदनी आगर-मालवा जिले के ग्राम थड़ौदा की रीना चंदेल की जिंदगी को योजना से एक नई दिशा मिली है। रीना बताती हैं कि वे अब किसानों के खेतों में नैनो यूरिया और नैनो पेस्टिसाइड का ड्रोन से छिड़काव करती हैं। इसके बदले उन्हें प्रति हेक्टेयर की दर से भुगतान प्राप्त होता है। केवल एक कृषि सीजन में वे 40,000 रूपये से अधिक की आमदनी कर लेती हैं और सालभर में यह आय 1 लाख रूपये तक पहुंच जाती है। साथ ही, वे किसानों को नैनो टेक्नोलॉजी के उपयोग के प्रति जागरूक भी कर रही हैं। उनका अनुभव बताता है कि ड्रोन तकनीक से संतुलित और प्रभावी छिड़काव संभव होता है, जिससे किसानों को शत-प्रतिशत लाभ मिलता है। मजदूरों की तुलना में यह प्रक्रिया कम समय और कम लागत में पूरी हो जाती है। एक हेक्टेयर खेत में मात्र 5 से 10 मिनट में स्प्रे संभव है। रीना चंदेल वर्ष 2024 से इस योजना से जुड़ीं और उन्होंने इंदौर एवं भोपाल में ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण उन्हें मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत निशुल्क दिया गया। इतना ही नहीं, योजना के अंतर्गत उन्हें निशुल्क ड्रोन भी प्रदान किया गया, जिससे वे खेती में ड्रोन तकनीक का उपयोग कर आय अर्जित कर सकें।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954